# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–19 । सागर, शुक्रवार 7 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

विज्ञान की आवश्यकता और शोध की प्राथमिकता पर हुआ मंथन — पृष्ठ 2
▸ महिला ही क्यों हो रसोई की रानी, 'पुरुष महाराज' क्यों नहीं? ▸ अर्थव्यवस्था की चाह बनाम चुनावी दबाव — पृष्ठ 4
▸ वाहन खाई में पलटा, 10 घायल, 3 की हालत गंभीर — पृष्ठ 6
बस स्टैंड से हटाया अवैध अतिक्रमण — पृष्ठ 7

मुख्यमंत्री ने 16वें वित्त आयोग को बताईं राज्य की वित्तीय आवश्यकताएं, की मांग

## केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाई जाए



### मुख्यमंत्रीने यह भी कहा-

▸ इससे राज्यों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी ▸ 5 साल में प्रदेश के बजट को करेंगे दोगुना ▸ नदियों को जोड़कर विकास के लिए कर रहे पड़ौसी राज्यों से समन्वय ▸ 3 साल में हम 30 लाख किसानों को देंगे सोलर पम्प

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्यों के सशक्तिकरण में ही राष्ट्र का सशक्तिकरण है, इसलिए केन्द्रीय करों और राजस्व प्राप्तियों में राज्यों की हिस्सेदारी अर्थात् अनुदान बढ़ाया जाना चाहिए। राज्य अपनी क्षमता और सीमित संसाधनों से ही अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए काम करते हैं। केन्द्र सरकार से अधिक वित्तीय अनुदान मिलने से राज्य अपने दीर्घकालीन लक्ष्यों को अल्पकाल में ही प्राप्त कर सकेंगे। विकसित भारत का निर्माण, विकसित मध्यप्रदेश के बिना नहीं हो सकता, इसलिए केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 44 प्रतिशत से बढ़ाकर 48 प्रतिशत तक की जाए। इससे राज्य सशक्त होंगे और राष्ट्र को विकास की ले जाने में सहायक होंगे। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश एक बड़ा राज्य है, इसलिए इसकी जरूरतें भी बड़ी ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

### प्रदेश बन सकता है उदाहरण : पांडा

आयोग के सदस्य डॉ. मनोज पांडा ने मध्यप्रदेश में विकास के कार्यक्रमों और नवाचारी पहल की तारीफ करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। आयोग के सदस्य श्री ए एन झा ने कहा कि बीते वर्षो में मध्यप्रदेश सबसे ज्यादा आर्थिक वृद्धि करने वाला राज्य है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री की विकास संबंधी सोच अच्छी है। कई क्षेत्रों में अन्य प्रदेशों के लिए उदाहरण बन सकता है। डॉ. एनी जार्ज मैथ्यू ने प्रदेश की ओर से विभिन्न सेक्टर पर हुए प्रेजेंटेशनों की तारीफ करते हुए कहा कि कहा कि आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों पर ध्यान देना होगा। डॉ. सौम्या कांति घोष ने कहा कि मध्यप्रदेश ने स्वयं को वित्तीय प्रबंधन में आदर्श राज्य बनाया है। यह निरंतर ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

वित्त आयोग के अध्यक्ष बोले-

### मप्र भविष्य में प्रगति के प्रति जागरूक

बैठक के बाद आयोग के अध्यक्ष अरविन्द पनगढ़िया ने मध्यप्रदेश विकास के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश भविष्य में प्रगति के प्रति जागरूक है। उन्होंने कहा कि बडे राज्यों के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता। कृषि के क्षेत्र में उपलब्धियों के साथ औदयोगिक प्रगति भी जरूरी है। सिर्फ कृषि के आधार पर किसी देश के विकसित बनने का उदाहरण नहीं है। उन्होने कहा कि प्रदेश को नीतियों में सुधार लाना चाहिए। अपनी ऊर्जा का पूरा उपयोग जरूरी है। मध्यप्रदेश आगे बढ़कर कुछ क्षेत्रों में पहल कर कानूनों में सुधार करे तो केन्द्र भी सहयोग देगा । आयोग के अध्यक्ष श्री पनगढ़िया ने कहा कि विकास होगा तो शहरीकरण भी होगा। यह जरूरी है लेकिन इसके लिए कदम उठाये जा सकते हैं। रोजगार निर्माण की प्रक्रिया भी साथ–साथ चलना चाहिए। उन्होने कहा कि वित्त आयोग सभी राज्यों के साथ संवाद कर रहा है। विशेषज्ञ सदस्यों के साथ परामर्श कर राज्यों को वित्तीय संसाधनों के आवंटन पर निर्णय लिया जा सकेगा।

## मानवाधिकार आयोग ने 8 परिवारों के बहिष्कार पर मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मुताबिक, तमिलनाडु के तेनकासी के सामंबावरवदकरई कस्बे में गांव के प्रधान द्वारा 8 परिवारों के बहिष्कार की रिपोर्ट सामने आई है। यहां एक भूमि विवाद को लेकर इन लोगों का कथित रूप से बहिष्कार किया गया। मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने इसका स्वत: संज्ञान लिया है। आयोग ने तमिलनाडु में तेनकासी के जिला कलेक्टर को नोटिस जारी कर मामले में दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। आयोग को मिली सूचना के मुताबिक, पीड़ित परिवारों को स्थानीय दुकानों, अन्य सुविधाओं तक पहुंचने और अन्य निवासियों के साथ संवाद करने से रोक दिया गया है।

## आर्थिक असमानता में सौ वर्षों का रिकॉर्ड टूटा : संजय सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि देश में आर्थिक असमानता ने 100 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया और करीब एक सौ करोड़ लोगों के पास अपने जरूरत के अलावा कुछ भी खरीदने के लिए पैसा नहीं है। श्री सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि देश में आर्थिक असमानता ने 100 वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया है। इसका मतलब सौ साल पहले जितनी असमानता थी वह आज है। उन्होंने कहा कि एक सौ करोड़ लोगों के पास अपने जरूरत के अलावा कुछ भी खरीदने के लिए पैसा नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था इस हालत में है, लेकिन सरकार की तरफ से कोई भी एक शब्द बोलने को तैयार नहीं है। सरकार ने लोगों को उनकी बदहाली में छोड़ दिया है।

## हिसार में कार पेड़ से टकराई, 4 दोस्तों की मौत

**हिसार, एजेंसी।** हरियाणा के हिसार जिले में मंगली रोड पर बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। चारों एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनकी कार बेकाबू होकर एक पेड़ से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की गति बहुत तेज थी, जिसके कारण मोड़ पर नियंत्रण खो बैठी और सीधे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एयरबैग खुलने के बावजूद कोई भी बच नहीं पाया। हादसे में एक युवक, हितेश, कार से बाहर गिर गया, जबकि बाकी तीन युवक कार में ही फंसे रह गए।

## बैतूल में कोयला खदान धंसी, 3 की मौत



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल जिले के सारणी स्थित वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की एक खदान धंसकने से 3 लोगों की मौत हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड पाथाखेड़ा क्षेत्र में गुरुवार दोपहर 3 बजे छतरपुर–1 कोयला खदान के मुहाने से करीब 3.5 किलोमीटर अंदर कंट्यूनर माइनर सेक्शन में कर्मचारी काम कर रहे थे। इस दौरान खदान की 10 मीटर की छत गिर गई। खदान धंसने की घटना में असिस्टेंट मैनेजर गोविंद कोसरिया उम्र–37 वर्ष, माइनिंग सरदार रामप्रसाद चौहान उम्र 46 वर्ष और ओवरमैन रामदेव पंडोले उम्र 49 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। टीम ने तीनों शव खदान से बाहर निकाले। एसडीएम अभिजीत सिंह ने बताया कि सिर्फ तीन लोगों की मौत हुई है। अंदर और कोई नहीं फंसा है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। शुक्रवार सुबह शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी और पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया घटना स्थल पर पहुंचे। कलेक्टर सूर्यवंशी के निर्देशानुसार त्वरित रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। जिसमें खदान में कार्यरत कुछ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। विधायक डॉ पंडाग्रे और कलेक्टर सूर्यवंशी ने जीएम वेस्टर्न कोल्ड लिमिटेड को लाइफ कवर स्कीम डेढ़ लाख की सहायता तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही एक्स ग्रेसिया, ग्रेच्युटी, कंपनसेशन और पीएफ, लाइफ इनकेशमेंट की राशि भी यथा शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा है। बताया जा रहा है कि ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

### तेलंगाना में 13 दिन से सुरंग में फंसे हैं 8 लोग

दूसरी ओर तेलंगाना के नगरकुरनूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल के एक निर्माणाधीन खंड के ढहने के बाद सुरंग में आठ लोग फंस गए थे। इन लोगों को बचाने के लिए 500 से अधिक बचावकर्मी जुटे हैं। खदान में 13 दिन से 8 लोग फंसे बताए जाते हैं। राज्य सरकार बचाव अभियान में रोबोट के इस्तेमाल की संभावना पर विचार कर रही है। वैज्ञानिकों की सुझाई जगहों पर इंसानों की मौजूदगी का पता लगाने के लिए खुदाई की जा रही है।

सूचना आयुक्त को हाईकोर्ट की कड़ी फटकार, ठोका 40 हजार का जुर्माना, कहा-

## सरकारी एजेंट के रूप में काम कर रहे



सूचना के अधिकार के तहत आवेदक को 30 दिन के भीतर नहीं दी जानकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** सूचना के अधिकार के तहत निर्धारित समयावधि में फ्री ऑफ कॉस्ट जानकारी नहीं दिये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने पाया कि पूर्व में पारित आदेश की अनदेखी करते हुए सूचना आयुक्त ने अपील को पुन: खारिज कर दिया था।

एकलपीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए अपने आदेश में कहा है कि सूचना आयुक्त सरकार के एजेंट के तौर पर कार्य कर रहे है। एकलपीठ ने 40 हजार की कॉस्ट लगाते हुए याचिकाकर्ता को दो लाख बारह हजार रुपये की जानकारी फ्री ऑफ कास्ट उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये हैं। भोपाल के पत्रकार व फिल्म मेकर नीरज निगम की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि 26 मार्च 2019 को उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत पशुपालन विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया था। सूचना के अधिकार के तहत निर्धारित सीमा तीस दिनों में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। निर्धारित समय सीमा गुजर जाने के बाद सूचना अधिकारी ने 30 दिन बाद आवेदक को पत्र भेजकर लगभग दो लाख बारह हजार की राशि जमा कर जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये।जिसके खिलाफ याचिकाकर्ता ने प्रथम अपील दायर करते हुए मांग की थी कि उन्हें तीस दिन के अंदर जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है, इसलिए नियमानुसार उन्हें फ्री ऑफ कास्ट जानकारी उपलब्ध करायी जाये। प्रथम अपील खारिज होने के बाद उसने सूचना आयुक्त के समक्ष द्वितीय अपील पेश की गयी थी। द्वितीय अपील खारिज होने के कारण उसने हाईकोर्ट में याचिका में प्रस्तुत की थी। हाईकोर्ट ने याचिका का निराकरण करते हुए दिशा–निर्देश के साथ सूचना आयुक्त को प्रकरण में सुनवाई कर आदेश जारी करने के निर्देश दिये थे। सूचना आयुक्त ने पुन: अपील खारिज कर दी, जिसके कारण उक्त याचिका दायर की गयी है। याचिकाकर्ता की अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने एकलपीठ को बताया ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

आपत्तिजनक टिप्पणी मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ नए मुकदमे पर रोक लगाई



माफी मांगने से इनकार कर चुके हैं उदयनिधि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि सनातन धर्म पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां करने को लेकर विवादों में घिरे तमिलनाडु के मंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ बिना इस अदालत की अनुमति नए आपराधिक मामले दर्ज नहीं किए जाए।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने श्री स्टालिन के खिलाफ विभिन्न राज्यों में शुरू की गई सभी आपराधिक कार्यवाहियों (टिप्पणियों को लेकर) को एक साथ करने की उनकी याचिका पर यह अंतरिम निर्देश पारित किया। पीठ ने कहा, अप्रैल में सूचीबद्ध करें। अंतरिम आदेश प्रभावी रहेगा और किसी भी नए जोड़े गए मामलों पर लागू होगा। हम निर्देश देते हैं कि इसी मुद्दे पर कोई और मुकदमा दर्ज न किया जाए। शीर्ष अदालत का यह आदेश एक संशोधन आवेदन के बाद आया है, जिसमें बिहार में स्टालिन के खिलाफ दायर एक नई प्राथमिकी का उल्लेख किया गया यह विवाद सितंबर 2023 में शुरू हुआ, जब श्री स्टालिन ने चेन्नई में तमिलनाडु प्रोग्रेसिव राइटर्स आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर विवादास्पद टिप्पणी की। उदयनिधि ने अपने बयान पर माफी मांगने से इनकार ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

क्रिसिल की गई रिपोर्ट में दी गई जानकारी

## 6.5 फीसदी रह सकती है भारत की विकास दर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी ट्रेड टैरिफ और वैश्विक अस्थिरता जैसी चुनौतियों के बाद भी भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर वित्त वर्ष 26 में 6.5 प्रतिशत रह सकती है। यह जानकारी गुरुवार को क्रिसिल द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। यह पूर्वानुमान दो मान्यताओं पर आधारित है। इनमें पहला सामान्य मानसून और दूसरा कमोडिटी की कीमतों में नरमी जारी रहना है।

रिपोर्ट में कहा गया कि घटती महंगाई, आम बजट 2025–26 में टैक्स छूट की घोषणा और ब्याज दरों के कम होने से खपत बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में बताया गया कि हाई फ्रीक्वेंसी डेटा जैसे परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) डेटा के मुताबिक, भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच अपना शीर्ष स्थान बनाए हुए है। क्रिसिल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, अमीश मेहता ने कहा कि भारत की मजबूती की फिर से परीक्षा हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में तेज आर्थिक विकास, कम चालू खाता घाटा और बाहरी सार्वजनिक ऋण

### अमेरिकी टैरिफ व वैश्विक अस्थिरता का कर रही है सामना

और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार ने बाहरी झटकों से सुरक्षित रखने में मदद की है। साथ ही इससे पर्याप्त नीतिगत स्वतंत्रता भी मिली है। आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्र खपत का नेतृत्व कर रहा है, लेकिन छोटी अवधि की वृद्धि के लिए शहरी मांग जरूरी है। मेहता ने आगे कहा कि दूसरी ओर, निरंतर निवेश और दक्षता लाभ मध्यम अवधि में सहायक होंगे। हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2031 तक मैन्युफैक्चरिंग और सेवा दोनों क्षेत्र विकास को समर्थन देंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025–31 के दौरान मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की वृद्धि दर औसतन 9.0 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो महामारी के पूर्व दशक में औसतन 6 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया कि सर्विसेज सेक्टर ग्रोथ को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता रहेगा, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की हिस्सेदारी में बढ़ोतरी जारी रहेगी। वित्त वर्ष 26 में 20 प्रतिशत हो सकती है, जो कि वित्त वर्ष 25 में 17 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके अलावा रिपोर्ट में बताया गया कि अगले वित्त वर्ष में रेपो रेट में 50 से 75 आधार अंकों की कटौती की जा सकती है।



# कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर कैबिनेट मंत्री पटेल का पुतला जलाया



**बण्डा, देशबन्धु।** कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादित बयान के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को बंडा में प्रदर्शन किया। मंत्री पटेल ने जनता की मांगों को भीख कहा था। इस बयान को लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन बताते हुये कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। कांग्रेसी बरा चौराहे पर जमा हुये। पुतला दहन की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। फायर फाइटर गाड़ी बुलाई गई। कांग्रेसियों ने विरोध में नारेबाजी शुरू की। इसी दौरान कुछ कांग्रेसी कैबिनेट मंत्री का पुतला लेकर आये और जलाने लगे। पुलिस ने उनसे पुतला छीन लिया। वहीं वाटर कैनन का उपयोग कर कांग्रेसियों को खदेड़ा। तभी अचानक कुछ कांग्रेसी दूसरा पुतला लेकर मौके पर पहुंच गये। उन्होंने विरोध करते हुये पुतला जलाया। मंत्री पटेल द्वारा जनता के आवेदनों को लेकर भीख मांगने की प्रवृत्ति बताया था। जनता को भीख लेना बंद करने की बात कही थी। इसको लेकर कांग्रेस अब सड़क पर उतर गई है। कांग्रेसियों ने मंत्री पटेल को तत्काल पद से हटाने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी ने कहा कि जनता का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऐसे मंत्री को तत्काल पद से हटाना चाहिये। यदि उन पर कार्यवाही नहीं हुई तो कांग्रेस भोपाल में प्रदर्शन करेगी। पुतला दहन के दौरान एड. भूपेन्द्र सिंह राजपूत, संतोष सराफ, रणवीर सिंह दाऊ, डीपी मिश्रा, पवन मिश्रा, बृजेंद्र मिश्रा, श्रीकांत सराफ, ईश्वरीय प्रसाद शुक्ला, देवप्रशांत सिंह, सतीश यादव, अशोक जैन पापेट, नितिन वाजपेई, धर्मेन्द्र सिंह सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता बडी संख्या में शामिल हुये।

## ब्लॉक कांग्रेस ने प्रदर्शन कर मंत्री प्रहलाद पटेल के इस्तीफे की मांग, को लेकर ज्ञापन सौंपा



**खुरई, देशबन्धु।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार खुरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एड. शाकिर खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ ने मप्र की भाजपा सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी बताने और भाजपा सांसद बंटी साहू द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के प्रति की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खुरई द्वारा हाथो में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन कर खुरई एसडीएम मनोज चौरसिया को न्याय की मांग व मंत्री पद से त्यागपत्र दिलाये जाने हेतु राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन कर खुरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एड. शाकिर खान ने कहा की मप्र की भाजपा सरकार के मंत्री द्वारा जनता को भिखारी कहना न केवल प्रदेश की जनता का अपमान है, बल्कि उनके अहंकार की पराकाष्ठा को दर्शाता है। यह बयान जनभावनाओं को आहत करने वाला है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हम मांग करते हैं कि मंत्री प्रहलाद पटेल अपने इस अमर्यादित बयान के लिये प्रदेश की जनता से तत्काल माफी मांगें एवं इस्तीफा दे। जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार, पूर्व प्रदेश सचिव हरविंदर सिंह चावला, प्रदेश प्रतिनिधि आशु भाईजान एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र प्रसाद दुबे ने कहा की प्रदेश के मंत्री प्रहलाद पटेल एवं सांसद बंटी साहू द्वारा दिया गया बयान न केवल निंदनीय है, बल्कि उनकी अपरिपक्व सोच और गैर जिम्मेदाराना राजनीतिक दृष्टिकोण को भी उजागर करता है। भाजपा सरकार अपने नेताओ के इस तरह के अनर्गल बयानों पर सख्त से सख्त कार्यवाही कर बर्खास्त करे। ज्ञापन एवं प्रदर्शन में घनश्याम साहू, एड. डीपी रैदास, बादल सिंह ठाकुर, नवल सेन, विजय सोलंकी, मनोज जैन पुजारी, प्रतिपाल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री प्राण सिंह लोधी, जितेंद्र सिंह राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थिति थे।

# विज्ञान की प्रासंगिकता और शोध की आवश्यकता पर हुआ मंथन



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज द्वारा एडवांसेज इन सिस्टम बायोलॉजी विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने वैज्ञानिक अनुसंधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आज के समय में आवश्यकता आधारित अनुसंधान अनिवार्य हो गया है। उन्होंने भारत की कोविड वैक्सीन निर्माण क्षमता का उदाहरण देते हुये कहा कि भारत ने अपनी शोध क्षमता और मानवीय मूल्यों से पूरी दुनिया को दिशा दिखाई है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. एपी दास ने विज्ञान को संपूर्ण मानव जाति के कल्याण का माध्यम बताया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता क्षरण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं को चिन्हित करते हुये विज्ञान के माध्यम से इनके समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. डीके शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान की गहरी जड़ों को रेखांकित किया और प्राचीन ग्रंथों में वर्णित वैज्ञानिक विधियों पर नये शोध की जरूरत बताई। वहीं प्रो. मोहम्मद आरिफने सिस्टम बायोलॉजी को समग्र दृष्टिकोण से देखने की बात कही और शोधार्थियों को विज्ञान लेखन और प्रस्तुतीकरण की बारीकियां सीखने का सुझाव दिया। सम्मेलन में 54 विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के 170 प्रतिभागियों और 56 बाहरी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 35 प्रतिभागियों ने मौखिक और 67 ने पोस्टर प्रस्तुति दी। सत्र का संचालन डॉ. वंदना विनायक ने किया और आभार डॉ. सीपी उपाध्याय ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक एवं बाहरी विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# मिठाई दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने निरीक्षण कार्यवाही करते हुये होली के त्यौहार के अवसर पर उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। कार्यवाही में किल्लाई नाका स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार से दूध बर्फी एवं बालाकोट रोड, डॉ. मनीष पटेल के बाजू में स्थित अरुणोदय बेकर्स एंड स्वीट्स से मावा कतली स्वीट के नमूनें जांच हेतु लिये। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। मौके पर मैजिक बॉक्स की सहायता से मिल्क केकए खोवा, दूध बर्फी, मावा बर्फी, मावा गुजिया, खोवा पेड़ा, छेना रसगुल्ला, बेसन लड्डू, काजू कतली एवं मगज लड्डू की गुणवत्ता की जांच की गई है।

## मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को अपील में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड

**सागर, देशबन्धु।** रेल्वे स्टेशन पर भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी प्रियांश अहिरवार को भा.द.वि. की धारा. 379 भादवि के तहत 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से अपीलीय न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमके शर्मा जिला सागर की अदालत ने दंडित किया। मामले की पैरवी अपर लोक अभियोजक दीपक भंडारी ने की। घटना संक्षिप्त में इस प्रकार है 18 जनवरी 2017 को फरियादी निशांत सेन निवासी चॉदपुर पुलिस थाना रहली ने पुलिस अधीक्षक सागर के समक्ष इस आशय का आवेदन दिया कि 17 जनवरी 2017 को शाम 7.30 बजे अपने रूम पार्टनर को सागर रेल्वे स्टेशन छोड़ने आया था जहां अत्यधिक भीड़ थी किसी अज्ञात अज्ञात व्यक्ति ने उसकी पेंट की जेब मे रखा मोबाईल लेनेवो कंपनी का निकाल लिया, उसने मोबाइल ढूढ़ने का काफी प्रयास किया परंतु मोबाईल नहीं मिला अत: मोबाईल ट्रेस कर वापस दिलाने जाने का निवेदन किया। उक्त आवेदन कि आधार पर थाना कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा.379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साइबर सेल से प्राप्त सीडीआर के आधार पर आरोपी प्रियांश अहिरवार को गिरफ्तार कर उसके पास से मोबाइल जप्त किया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया विचारण उपरांत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुरभि सिंह सुमन की न्यायालय द्वारा आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया था जिसकी अपील आरोपी द्वारा सत्र न्यायालय के समक्ष की गई थी जहां सुनवाई उपरांत अपील निरस्त करते हुये जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमके शर्मा जिला सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा को यथावत रखते हुये दंडित किया।

## पूर्व मंत्री ने पत्रकार के साथ घटित घटना की कड़ी शब्दों में की निंदा



**सागर, देशबन्धु।** गत बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार मुकुल शुक्ला के साथ खनिज विभाग के अधिकारी द्वारा अभद्रता करने की घटना की पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि पत्रकार साथी के साथ घटित घटना की रिपोर्ट थाना गोपालगंज पुलिस द्वारा ना लिखा जाना और रिपोर्ट लिखाने के लिये पत्रकार साथियों के द्वारा कई घण्टों तक प्रदर्शन करने के बाद भी पुलिस द्वारा रिपोर्ट ना लिखना बेहद दुखद और पुलिस प्रशासन की दोष पूर्ण कार्य प्रणाली भी उजागर करता है। श्री चौधरी ने कहा है कि पत्रकार साथी मुकुल शुक्ला के साथ घटित घटना यह कोई पहली घटना नहीं है इसके पूर्व में भी कई पत्रकार साथियों के साथ इस तरह की घटनायें घटित होने के साथ-साथ उन पर झूठे प्रकरण भी दर्ज किये गये हैं जिसकी जितने कड़े शब्दों में निंदा की जाये उतनी कम है। उन्होंने पत्रकार साथी मुकुल शुक्ला के साथ घटित घटना की सूक्ष्म व निष्पक्ष जांच की जाकर कार्यवाही की मांग की है।

# सूने मकान से 1.80 लाख नकद सहित गहने चोरी

**बीना, देशबन्धु।** सत्संग भवन के पास एक सूने मकान से अज्ञात चोर ताला तोड़कर 1.80 हजार रुपये नकदी सहित गहने चुराकर ले गये। नकदी, जेवर के साथ चोर महंगा परफ्यूम और कपड़े भी चुराकर ले गये। चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपियों ने पड़ोसियों के घरों की बाहर से कुंडी लगाकर उसमें कपड़े बांध दिये थे, ताकि कोई भी बाहर न निकल सके। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सत्संग भवन के पास रहने वाले मनीष पिता लक्ष्मीनारायण चढ़ार ने बताया कि वह रिफाइनरी में नौकरी करते हैं। मंगलवार को उनकी सुबह की शिफ्ट में ड्यूटी थी। दोपहर 2 बजे वह रिफाइनरी से लौटकर घर आये और खुरई अपने पिता के घर चले गये। इसका फायदा उठाकर अज्ञात चोर मंगलवार की रात ताला तोड़कर घर में घुसे और दो अलमारी के लॉक और लॉकर तोड़कर उसमें रखे 1.80 लाख रुपये नकद, सोने की दो अंगूठी, सोने का पेंडर, कधनी, पायल, मंगलसूत्र सहित अन्य कीमती सामान चुराकर ले गये। उन्होंने बताया कि अलमारी में रखे महंगे परफ्यूम और कपड़े भी चोर चुराकर ले गये। सुबह पड़ोसियों से सूचना मिलने पर मनीष अपनी पत्नी के साथ घर पहुंचे और अंदर सामान फैला देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि चोर इतने शातिर थे कि उन्होंने पड़ोसियों के मकान में बाहर से कुंडी लगाकर कपड़े बांध दिये थे, ताकि संदेह होने पर भी पड़ोसी तुरंत बाहर न निकल सकें। मनीष ने बताया कि खुरई में उनकी जमीन है। इस साल उन्होंने खेत में मटर बोई थी। चार दिन पहले मंडी में मटर बेचकर व्यापारी से नकद रुपये लिए थे। यह रुपये उन्हें बैंक में जमा करने थे, लेकिन समय न मिलने के कारण रुपये बैंक में जमा नहीं कर पाये थे।

# ग्रामीण भारत से जापान तक: कुमार दिमित्र की प्रेरक यात्रा




**सागर, देशबन्धु।** मप्र के छोटे से कस्बे राहतगढ़ से निकलकर जापान तक का सफर तय करने वाले कुमार दिमित्र की कहानी प्रेरणा से भरी है। डिजाइन और इनोवेशन के प्रति जुनून ने उन्हें वैश्विक स्तर तक पहचान दिलाई। उनका सफर द डार्क नाइट फिल्मों की बैटपॉड का पूर्ण आकार का रेप्लिका बनाने से शुरू हुआ और आज वे फेलोशिप 2024-25 के तहत जापान में अपनी नई भूमिका निभा रहे हैं। कुमार दिमित्र के पास 10 वर्षों का इंडस्ट्रियल डिजाइन अनुभव है। उन्होंने आइन्हाइट डिजाइन स्टूडियो की स्थापना की, जो 50 से अधिक वैश्विक ग्राहकों के साथ काम कर चुका है। इसके अलावा उन्होंने माध्यम ऑर्गेनिक्स और द राहत सैंक्चुअरी की सह स्थापना की, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिये समर्पित हैं। कुमार को जापान में प्रतिष्ठित अवाजी यूथ फेडरेशन फेलोशिप के लिये चुना गया है, जो पासोना ग्रुप द्वारा संचालित एक वैश्विक कार्यक्रम है। यह फेलोशिप युवा प्रतिभाओं को पेशेवर विकास और सामुदायिक प्रभाव के अवसर प्रदान करती है। जापान की डिजाइन उत्कृष्टता और उनकी संस्कृति हमेशा मुझे आकर्षित करती रही है। कुमार और उनकी टीम ओसाका एक्सपो 2025 की तैयारियों में भी शामिल हैं। यह एक्सपो नवाचार और स्थिरता पर केंद्रित है, जिसमें पासोना ग्रुप अपने निजी पवेलियन के जरिये भाग ले रहा है। कुमार के अनुसार इस एक्सपो में भारत के लिये इंडिया डे भारत के स्वतंत्रता दिवस पर मनाया जायेगा, जो मेरे लिये गर्व का क्षण होगा। कुमार दिमित्र का मानना है कि बड़े सपनों को पूरा करने के लिये संसाधनों से ज्यादा लगन और अनुकूलन करने की क्षमता की जरूरत होती है। उनकी यात्रा ग्रामीण भारत से लेकर वैश्विक मंच तक संभावनाओं और संकल्प की कहानी है, एक ऐसी प्रेरणा जो हर युवा को आगे बढ़ने का हौसला देती है।

# हत्या के प्रयास मामले का दूसरा फरार आरोपी गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस थाना मोतीनगर 25 फरवरी को आहत फरियादी अंकित साहू पिता कमलेश साहू उम्र 24 साल निवासी गुलाब बाबा मंदिर के पास पंतनगर वार्ड सागर ने बताया कि 25 फरवरी के समय करीब 09.30 बजे रात की बात है मैं बडे बाजार में ऑटो चला रहा था तब मेरी मां मथुरा बाई ने मुझे फोन करके बताया कि राहुल अहिरवार, तिज्जू अहिरवार, गाली गलौच कर घर पर पत्थर फेंक रहे है मैं तुरन्त ही अपने घर पहुंचा और देखा कि राहुल अहिरवार, तिज्जू अहिरवार व रीतेश अहिरवार पुरानी बुराई पर से हम लोगो को गंदी-गंदी गालिया देकर पत्थर फेंक रहे थे मना करने पर राहुल अहिरवार ने भाई की स्कूटी के सामने आकर भाई को जान से मारने की नियत से सिर में भाई को कुल्हाडी मारी जो सिर से कटकर खून निकलने लगा मेरे भाई रोहित साहू मेरी मां मथुरा बाई मय स्कूटी के नीचे गिर गये और राहुल ने उसी कुल्हाडी से मेरी मां के दोनो हाथो में मारपीट किया जो मां को दोनो हाथो मे चोटे आई जैसे ही में बचाने के लिये दौडा तभी रीतेश अहिरवार ने आकर मुझे पकड लिया और तिज्जू अहिरवार अपने घर से हाथ में लिये लोहे की रॉड लेकर आया और मुझे सिर में मारा फिर रीतेश ने मुझे छोडकर वहीं पडा डंडा उठाकर डंडे से मारपीट करने लगा जिससे बडे भाई रोहित व मां मथुरा बाई को चोटे आई है। तीनो लोग कह रह थे कि अगर रिपोर्ट करने गये तो जान से खत्म कर देंगे। की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना दौरान विवेचना प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर कार्यवाही करते हुये मुखबिर सूचना तंत्र के वैज्ञानिक साक्ष्य की मदद से आरोपी रीतेश पिता हेमराज अहिरवार उम्र 20 साल पंतनगर वार्ड सागर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपराध करना स्वीकार किया तथा घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी पेश करने पर जप्ती कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण में अन्य आरोपी की तलाश पतारसी जारी है आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का हैं। उक्त कार्यवाही में जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर, सोहन मरावी, मोहन मुरारी, प्रमोद बागरी, राहुल कुमार, मुकेश, अभय विनोदिया, प्रेम कुमरे, लखन की भूमिका रही।

## सेना के जवानों पर युवती ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**सागर, देशबन्धु।** बहेरिया थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने सेना के दो जवानों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उसने कहा कि जवान घर पानी लेने आए थे। जिसके बाद उन्होंने मेरे साथ छेड़छाड़ की। मामले की शिकायत करने बहेरिया थाने गये तो वहां पर सुनवाई नहीं हुई। युवती ने एडिशनल एसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत की है। युवती ने दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। युवती ने बताया कि घटना 25 फरवरी सुबह 10.30 बजे की है। मैं अपने घर में साफ सफाई कर रही थी। तभी सेना के दो जवान घर आये और पानी मांगा। पापा घर पर थे तो उन्होंने पानी दे दिया, वे लेकर चले गये। इसी दौरान पापा काम से बाजार चले गये, मैं घर में अकेली थी। दोबारा सेना के जवान आये और पानी मांगा। मैंने भी पानी दे दिया। करीब 15 मिनट बाद फिर आये और नंबर मांगने लगे। युवती ने बताया कि उन्होंने मेरे साथ छेड़छाड़ की। विरोध कर मैं घर से भाग आई। माता पिता को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद बहेरिया थाने पहुंचकर शिकायत की। लेकिन थाने में सुनवाई नहीं हुई। परेशान होकर एसपी कार्यालय में शिकायत की। 9 दिनों से कार्यवाही के लिये भटक रहे हैं। लेकिन दोषियों पर एफआईआर दर्ज नहीं हो रही है। घटनाक्रम में कार्यवाही नहीं होने पर युवती ने परिवार के साथ मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। उन्हें घटना की जानकारी दी। जिस पर उन्होंने कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया और पुलिस अफसर के पास युवती को भेजा। युवती ने एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा के कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत की। शिकायत पर एडिशनल एसपी ने संबंधित थाना प्रभारी को मामले की जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। युवती का आरोप है कि छेड़छाड़ करने वाले सेना के जवान शिकायत दर्ज नहीं कराने के बदले पांच लाख रुपये का लालच दे रहे हैं। उसने इस संबंध की रिकॉर्डिंग भी पुलिस को दी है। युवती ने कहा कि कार्यवाही नहीं हुई तो भोपाल जाकर डीजीपी से शिकायत करूंगी। एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा ने बताया कि युवती ने शिकायत की है। शिकायत के आधार पर थाना पुलिस को मामले की जांच करने के निर्देश दिये हैं। जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## महाकवि पद्माकर को गुलाल लगाकर शुरू होगी साहित्यकारों की होली: अमित मणिकांत चौबे

**सागर, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली उत्सव का आयोजन बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर के तत्वाधान में चकराघाट परिसर में महाकवि पद्माकर को अबीर गुलाल लगाकर प्रारंभ होगा। संस्था के संयोजक अमित मणीकांत चौबे ने बताया कि उनके पिता स्व. मणीकांत चौबे बेलिहाज होली उत्सव का आयोजन लगभग 55 वर्षों तक करते रहे हैं और जनवरी 2024 में उनके निधन के बाद यह दूसरा आयोजन है और कुल यह 57 वां आयोजन है। जिसमें शहर की समस्त साहित्यकार मिलकर सर्वप्रथम महाकवि पद्माकर को रंग गुलाल लगाकर तथा काव्य पाठ कर अपनी-अपनी होली की शुरुआत करते हैं। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष के के बख्शी ने बताया कि बेलिहाज जी के निधन के बाद से उनके द्वारा किये जा रहे साहित्य का आयोजनों को निरंतर जारी रखने का प्रयास उनके पुत्र अमित चौबे द्वारा और संस्था के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है और इसी क्रम में यह दूसरा आयोजन है जो उनकी स्मृति में होगा। सहयोगी संस्था श्यामलम के अध्यक्ष उमाकांत मिश्र ने नगर की समस्त गतिशील साहित्यिक संस्थाओं तथा समस्त साहित्यकारों से 14 मार्च को सुबह 9.30 बजे चकराघाट परिसर में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया।

## कल बण्डा पहुंचेगी श्री श्याम समागम ज्योत यात्रा


**सागर, देशबन्धु।** श्री श्याम सागर परिवार इंदौर के नेतृत्व में श्री श्याम समागम ज्योत यात्रा इंदौर से श्री खाटूश्याम तक निकाली जा रही है जो 8 मार्च को बंडा पहुंचेगी। रात्रि में प्रसिद्ध गायिका अधिका सागर राठौर द्वारा भजनों की प्रस्तुति होगी। श्री खाटूश्याम समिति ने बताया कि 24 फरवरी से इंदौर से प्रारंभ यात्रा विभिन्न स्थानों से होती हुई 16 मार्च को श्री बागेश्वर धाम पहुंचेगी। वहां से गुरूजी का आशीर्वाद लेकर श्री खाटूश्याम के लिये रवाना होगी। 8 मार्च को बण्डा पहुंचने पर यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील श्री खाटूश्याम समिति ने की है।

# सीएमओ ने स्वच्छता प्रहरियों की समीक्षा बैठक लेकर दिये दिशा निर्देश



**बण्डा, देशबन्धु।** नगर परिषद सीएमओ पदम जैन ने स्वच्छता कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान स्वच्छता प्रभारी अमन चौबे मौजूद रहे, बैठक में सीएमओ पदम जैन ने स्वच्छता कर्मचारियों से कहा आप हमारे परिवार के सदस्य है जिस प्रकार हम घर की साफ सफाई करते है उसी प्रकार बण्डा नगर को साफ रखना हमारा कर्तव्य है, सभी कर्मचारी तन मन लगाकर काम करे, इसके अलावा कर्मचारियों को सीएमओ और स्वच्छता प्रभारी ने स्वच्छता प्रहरी महिला एवं पुरुषों को ड्रेस प्रदान की। सीएमओ ने बताया कि स्वच्छता प्रहरी विपरीत परिस्थितियों में भी पूरे नगर में लगातार साफ सफाई करते हैं और स्वच्छता बनाये रखते हैं इसलिये आज उनको ड्रेस प्रदान की है। इस अवसर पर नगर परिषद के कर्मचारी और नगर परिषद के समस्त स्वच्छता प्रभारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेताओं से मिलीं विधायक निर्मला सप्रे, गांधी तिराहे पर मंत्री प्रहलाद पटेल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



**बीना, देशबन्धु।** गुरुवार शाम 5 बजे गांधी तिराहे पर मंत्री प्रहलाद पटेल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विधायक निर्मला सप्रे का वहां से निकलना हुआ, जिलाध्यक्ष आनंद अहिरवार के आवाज लगाने पर वे रुकीं और सबसे मिलीं। जब जिलाध्यक्ष ने उनसे मंत्री के विरोध में शामिल होने का आग्रह किया, तब वह निकल गईं। विधायक ने इसे सौजन्य भेंट बताया। वहीं कांग्रेस ने पटेल के बयान का विरोध करते हुये नारेबाजी की और राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार सुशील खरे को ज्ञापन सौंपा। मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कमल नाथ पर छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू के बयान की भी निंदा की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष इंदर सिंह यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर, शशि मोहन तिवारी, सुरेश तिवारी, शहजाद खान, रामकिशन अहिरवार, शालू बिलगैयां, जतिन झा, डॉ. ओमप्रकाश कैथोरिया, अशोक परिहार, विक्रांत गोलंदाज सहित अन्य मौजूद थे। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान 5 मई को राहतगढ़ में मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यक्रम में विधायक निर्मला सप्रे शामिल हुईं थीं। उसके बाद से वह लगातार भाजपा के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल हो रही हैं। हालांकि अधिकृत रूप से उन्होंने अभी तक भाजपा की सदस्यता नहीं ली है। उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया गया एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

## 116 से अधिक हितग्राहियों को वितरित किये गये 30 करोड़ से अधिक के ऋण स्वीकृती पत्र




**सागर, देशबन्धु।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की सागर जिले में स्थित सभी शाखाओं ने संयुक्त रूप से हेरिटेज कन्वेंशन सागर में मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया है जिसमें लगभग 400 से अधिक ग्राहकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद लता गुड्डू वानखेडे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय से पधारे महाप्रबंधक बीपी दास सम्मिलित हुये। सांसद ने हितग्राहियों को संबोधित करते हुये कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेकों रोजगार मुखी योजनायें चलाई जा रही हैं और बैंकों के माध्यम से स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु युवाओं और महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि वह स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने में भागीदार बने आगे उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही रोजगारमुखी योजनाओं और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी, और हितग्राहियों को सैद्धांतिक ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किये। बीपी दास एवं क्षेत्र प्रमुख रवि रंजन द्वारा हितग्राहियों को लगभग 30 करोड़ के सैद्धांतिक ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम के दौरान जिले में स्थित सभी शाखाओं के शाखा प्रबंधक प्रवीण सोनी, शशांक रंजन, केशर गहलोत, नीरज तिवारी, मयंक रैकवार, राजीव नारंग आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ग्वालियर क्षेत्रीय कार्यालय के उप क्षेत्र प्रमुख रवि कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया और उपस्थित सभी अतिथियों एवं हितग्राहियों का आभार व्यक्त किया।


प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना
भारत सरकार
प्रधानमंत्री जन-औषधि केन्द्र से
सस्ती दवाई, अच्छी दवाई
तब
₹5000.00
अब
जन औषधि केन्द्र
PAID
₹1000.00
6 साल में गरीबों और जरुरतमंदों के
30 हजार करोड़ रुपये बचे
देश में 15,000+ जन-औषधि केंद्र
50%-90% तक सस्ती दवाएं
2000 से ज्यादा जेनरिक दवाएं
कैंसर की सस्ती दवाएं
₹1 में सैनेटरी पैड
उच्च गुणवत्ता की WHO और NABL सर्टिफाइड दवाएं
2027 तक देश में 25 हजार जन-औषधि केंद्र
7वें जन-औषधि दिवस
की शुभकामनाएं
नजदीकी जन-औषधि स्टोर लोकेट करने के लिए
QR कोड स्कैन करें
cbc 02107/13/0006/2425

देशबन्धु

सागर, शुक्रवार 7 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# असह्य हो चला है भारत का अपमान

दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनकर आये डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले भारत के लिये हानिकारक तो हैं ही, अपमानजनक भी हैं। यह ऐसे वक्त में हो रहा है जब ट्रम्प ने दुनिया भर के खिलाफ़ ट्रेड वार की शुरुआत कर दी है। कारोबारी पृष्ठभूमि से आये ट्रम्प की दिलचस्पी व्यवसायों के बूते दुनिया पर राज करने में है। वे जानते हैं अब विश्व विजेता सैन्य शक्ति के बल पर सम्भव नहीं, न परम्परागत साम्राज्यवादी तरीके से दुनिया मुट्ठी में की जा सकती है। उनके इन खतरनाक विचारों को दुनिया समझ चुकी है। कुछ देश नयी परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिये खुद को तैयार कर रहे हैं। चीन जैसा देश तो न केवल व्यवसाय के स्तर पर बल्कि ज़रूरत पड़ी तो उससे युद्ध के मैदान में भी दो-दो हाथ करने की तैयारी कर रहा है। बहुत छोटे-छोटे देश भी अपनी सम्प्रभुता व प्रतिष्ठा को बचाने के लिये कृतसंकल्पित हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न तो खुद के सम्मान की चिंता है और न ही देश की प्रतिष्ठा की। इससे उत्साहित ट्रम्प हर रोज़ भारत का अपमान कर रहे हैं। अमेरिकी इरादों से निपटने की यहां कोई तैयारी नहीं दिखती।

शुरुआत करें तो ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह से। अमेरिकी राष्ट्रपति के वर्ष 2020 के चुनाव में पद की गरिमा और अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकोल को ताक पर रखकर मोदी ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान उनके पक्ष में यह कहकर प्रचार किया था कि 'अब की बार ट्रम्प सरकार'। उसी ट्रम्प ने 2024 का चुनाव जीतने के बाद जब पद सम्हाला तो मोदी को आमंत्रित तक नहीं किया। भारत के दुश्मन देश चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग बुलाये गये, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर गये और यहां तक कि भारत के सर्वाधिक अमीरों में से एक मुकेश अंबानी सपत्नीक आमंत्रित थे। जयशंकर कई दिनों तक मोदी के लिये आमंत्रण पाने की आस व जुगाड़ में वाशिंगटन डीसी में बैठे रहे फिर भी उन्हें नहीं बुलाया गया। तो भी मोदी ने उन्हें बधाइयां देने के लिये उद्देश्यहीन यात्रा की। ट्रम्प ने द्वीपक्षीय अनुबन्ध के नाम पर अमेरिका से पुराने व पॉयलेटों के लिये खतरनाक हो चुके एफ-35 लड़ाकू विमान तथा महंगी दरों पर प्राकृतिक गैस व तेल खरीदी के लिये उनके दस्तखत ले लिये।

इतना ही नहीं, उनके पहुंचने के पहले से लेकर ट्रम्प भारत की आयात-निर्यात नीति की लगातार आलोचना यह कहकर कर रहे थे कि भारत दुनिया के उन देशों में से एक है जिसका शुल्क सबसे ज्यादा है जिसके चलते भारत के साथ व्यापार मुश्किल है। उन्होंने मोदी की उपस्थिति में साफ कर दिया कि वे 'रेसिप्रोकल नीति' अपनाएंगे। यानी भारत अमेरिकी वस्तुओं पर जितना शुल्क लगायेगा, उतना ही अमेरिका भी भारतीय वस्तुओं पर लगायेगा। इसके विपरीत अब ट्रम्प ने ऐलान कर दिया है कि वे विदेशी वस्तुओं पर 100 फीसदी शुल्क लगाएंगे, जिनमें भारत भी शामिल है। ट्रम्प की इस दादागिरी का जवाब देते हुए चीन ने भी बराबरी का शुल्क लगाने की घोषणा कर दी है जबकि भारत इसका जवाब कैसे देगा, यह अब तक स्पष्ट नहीं। व्यवसायिक हलकों में कहा जा रहा है कि इससे भारत के आयात-निर्यात को बड़ा झटका लग सकता है।

अपमान की अगली श्रृंखला में ट्रम्प ने कई देशों के अवैध प्रवासियों को वापस भेजने का बीड़ा उठाया। वे उनके बारे में खराब शब्दों का प्रयोग तक करते रहे हैं। कई देशों के लोगों को उन्होंने वापस भेजा लेकिन कोलंबिया, मैक्सिको आदि देशों ने अपने नागरिकों की सम्मानजनक वापसी कराई जबकि भारतीयों को हथकड़ी-जंजीरों में बांधकर भेजा गया। ट्रम्प को इसमें इसलिये कठिनाई नहीं आई क्योंकि स्वयं भारत सरकार ने उसके इस कार्य को जायज ठहराया। ट्रम्प व उनके खास दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी एलन मस्क हर रोज दुनिया भर से अमेरिका आये अवैध प्रवासियों को गालियां देते हैं लेकिन सिर्फ भारतीयों को बेड़ियों में भेजते हैं क्योंकि बाकी देश और उनका नेतृत्व अपने नागरिकों के साथ खड़ा रहता है।

वैसे ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को बुलाया गया जिसने अपने साथियों के साथ जयशंकर की उपस्थिति में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये व उसका झंडा फहराया। उनकी बढ़ती हिम्मत का ही परिणाम है कि गुरुवार की सुबह (भारतीय समयानुसार) अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान जब जयशंकर लंदन के चैथम हाउस से निकले तो इन्हीं खालिस्तानियों ने उनके सामने तिरंगा फाड़ा तथा खालिस्तानी नारे लगाये। इस बात को यदि भारत की ओर से पहले ही अमेरिकी प्रशासन के सामने उठाया जाता तो अलगाववादियों के हौसले दुनिया के किसी भी हिस्से में इतने बुलन्द न हुए होते।

यह सारा कुछ उस समय हो रहा है जब मोदी खुद के गले में विश्वगुरु का तमगा लटकाये घूमते हैं और हर विदेशी राष्ट्राध्यक्ष से जबरन गले लिपटकर अपने भक्तों के आगे दुनिया के सबसे ताकतवर नेता की छवि गढ़ते रहते हैं। वैसे अब ट्रम्प भी मोदी की महत्वाकांक्षा, फितरत तथा खोखलेपन को जान चुके हैं और शायद उन्हें यह संदेश देना चाहते हैं कि दुनिया में रहेगा तो एक ही विश्वगुरु- अमेरिका!

मोदी बेशक अपना जितना चाहे अपमान करायें लेकिन भारत कभी इतना कमजोर नहीं रहा है। आजादी के तुरन्त बाद जब भारत की राजदूत से कहा गया कि 'जो अमेरिका के साथ नहीं वह उसका दुश्मन है', तब जीर्ण-शीर्ण भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें तत्काल वापस बुला लिया था। दोनों बड़ी महाशक्तियों- अमेरिका व तत्कालीन सोवियत संघ को नकार कर भारत के नेतृत्व में निर्गुट सवा सौ देशों का संगठन बनाया गया। अमेरिकी गेहूं न खाना पड़े इसलिये पूरा भारत सोमवार की शाम को चूल्हा नहीं जलाता था। 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध को रूकवाने के लिये अमेरिका को सातवां नहीं सत्तरवां बेड़ा भेजने के लिये ललकारने वाला यही देश था तथा इसी अमेरिका की धमकियों से डरे बिना दो बार परमाणु परीक्षण देखने वाली पीढ़ी अब भी जिंदा है। अमेरिका द्वारा सुपर कम्प्यूटर देने से इंकार करने पर जिस देश ने खुद का उपकरण तैयार कर लिया उसका आज असहनीय अपमान हो रहा है।

# महिला ही क्यों हो रसोई की रानी, 'पुरुष महाराज' क्यों नहीं?

पुरुष यूं तो रसोई में सदियों से है और क्या खूब है, लेकिन जब बात परिवार की रसोई में काम करने की आती है तो वे सिरे से गायब हो जाते हैं। परिवार नामक इकाई में खाना बनाना केवल स्त्री का दायित्व है। पुरुष कभी-कभार किचन में आते भी हैं तो वह किसी उत्सव से कम नहीं होता। प्याज़, टमाटर, मसाले तैयार कर दो तो साहब मसालेदार डिश बना देंगे। फिर घर में सिर्फ वाह-वाही होगी। बातें होंगी कि साहब यूं तो बाहर जाकर रोज़ी करते हैं, लेकिन आज तो रोटी भी बनाई है। महिलाओं के जिम्मे खाना बनाने का यह काम हमेशा बिना भुगतान के ही रहा है। हिसाब लगाया जाए कि जो काम महिलाएं घर में करती हैं, उसे चुकाया जाए तो उनके बैंक खाते हमेशा एक मोटी रकम से भरे रहें। होता तो यह है दिन-रात के श्रम के बावजूद जीवन की सांध्य बेला में महिलाओं के पास अपनी कोई बचत की रकम भी नहीं होती। जो काम करती हैं उनके लिए भी काम और परिवार के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं होता। 'वर्क लाइफ बैलेंस' सहयोग की मांग करता है। जो इस संतुलन को साध लेती हैं, वे आगे बढ़ जाती हैं और शेष काम को त्याग परिवार चुन लेती हैं। महिला प्रगति के लिहाज़ से इस जगह आकर तनिक राहत मिल जाए तो आधी आबादी का काम काफी आसान हो जाएगा, वरना तो घर संभालने की क़वायद सबसे पहले उसका जॉब ही खाती है। हर रोज़ रसोई में उत्सव जैसे खाना बनाते रहने की चक्की में महिला किस कदर पिसती जाती है, इस मुद्दे को सलीके से दर्शाने वाली एक फिल्म की इन दिनों खूब चर्चा है।

इस दौर में भी आख़िर क्यों मछली जल की रानी है की तर्ज़ पर एक महिला को किचन की रानी बना दिया गया है, पुरुष क्यों नहीं 'रसोई का महाराज' हो सकता? समाज भी ऐसी ही महिलाओं का आदर करता है जो भोजन के षडरस को परोसते हुए ज़िन्दगी बसर करती है। क्यों किसी भी काम को लिंग के आधार पर बांट दिया जाना चाहिए? जब भूख सबको बराबर लगती है तो फिर रसोई सिर्फ एक की ज़िम्मेदारी क्यों हो? यहां तक कि बड़े हो गए बच्चे, घर आये मेहमान सभी का योगदान इसमें क्यों नहीं होना चाहिए? सबकी पसंद की चीज़ें बनाने और वक्त का ध्यान रखने वाली सुघढ़ गृहिणी का ख़िताब उसे अपने सपनों की कीमत पर ही क्यों मिलता है? आज की पढ़ी-लिखी लड़की इस माहौल में घुटने लगती है। इसी मुद्दे पर बनी फिल्म 'मिसेज' में दिखाया गया है कि ससुरजी को चटनी तो सिलबट्टे की ही चाहिए। मिक्सी में पोषक तत्व कट जाते हैं जबकि कूटने पर बने रहते हैं। बिरयानी तो दम की बेहतर होती है- घंटों धीमी आंच पर पकी हुई। फुल्का तो गर्म ही परोसा जाए जो दौड़ते हुए टेबल तक आए। और हां, घर का कोना-कोना साफ और चमकदार होना चाहिए। ससुरजी को धूल से एलर्जी है। चप्पल भी बिस्तर के नीचे रखी हुई मिलनी चाहिए। लगता है जैसे किसी बीमार की सेवा हो रही है। साथ खाने का तो कोई रिवाज़ ही नहीं। ससुरजी की ऐसी ही आदतें सासु मां ने सहेजी हैं और अब उनके बेटे को भी पत्नी से ऐसी ही उम्मीद है। पत्नी को डांस में दिलचस्पी है पर ये भले घर के लोग, उसके पुराने वीडियो भी सोशल मीडिया से डिलीट करवाना चाहते हैं। करवा चौथ के दिन घर के पुरुष सदस्य छककर खाना खाते हुए कह रहे हैं कि कुछ भी कहो, हमारी प्राचीन परंपराएं हैं बड़ी वैज्ञानिक। ऐसे तमाम दृश्य आरती कडव निर्देशित और अनु सिंह चौधरी के संवाद और पटकथा लेखन वाली फिल्म 'मिसेज' रचती है जो इन दिनों हर भारतीय को छू रही हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत के मध्यम वर्ग की आधी आबादी अब भी शेष आधी आबादी को खाना पकाकर देने में ही जुटी हुई है। मिसेज 'द ग्रेट इंडियन किचन' का रीमेक है।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

सबकी पसंद की चीज़ें बनाने और वक्त का ध्यान रखने वाली सुघढ़ गृहिणी का ख़िताब उसे अपने सपनों की कीमत पर ही क्यों मिलता है? आज की पढ़ी-लिखी लड़की इस माहौल में घुटने लगती है। इसी मुद्दे पर बनी फिल्म 'मिसेज' में दिखाया गया है कि ससुरजी को चटनी तो सिलबट्टे की ही चाहिए।

भारत में कामकाजी महिलाओं की संख्या लगातार घट रही है। यहां तक कि नेपाल, भूटान और श्रीलंका भी हमसे आगे हैं। महिलाओं के कामकाजी होने के रिकॉर्ड में दुनिया का औसत भी कुछ खास अच्छा नहीं है। केवल 40 फीसदी जबकि बहामा में यह सर्वाधिक 90 प्रतिशत है। जी-20 देशों के समूह में भी कामकाजी भारतीय महिलाओं की हिस्सेदारी सबसे कम है। हमारे कुल कार्यबल में भागीदारी 24 प्रतिशत के आसपास है, जो कुवैत (27.8) और सऊदी अरब (35 ) से भी कम है। 2005 में भारत में कामकाजी महिलाओं की संख्या 27 फ़ीसदी थी जो 2021 में घटकर 23.54 फ़ीसदी रह गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के 2020 में जारी एक सर्वे में पाया गया है कि 81.2 प्रतिशत महिलाएं अवैतनिक घरेलू सेवाओं में लगी हुई हैं जबकि पुरुषों के लिए यह संख्या 26 प्रतिशत है। इसका आशय है कि वे घरेलू कामकाज, बच्चों और बुज़ुर्गों की देखभाल में लगभग दस गुना ज़्यादा समय दे रही हैं। अगर भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है तो महिलाओं को इसमें शामिल किया ही जाना चाहिए। 2020 में नोबेल पुरस्कार विजेता क्लाउडिया गोल्डीन कहती हैं- 'सभी महिलाएं काम करती हैं लेकिन सभी को वेतन नहीं मिलता।' देखा जाए तो महिलाएं पुरुषों की तुलना में सप्ताह में ज़्यादा काम करती हैं लेकिन वे कम अवकाश वाली थकी हुई महिलाएं हैं।

फिल्म Mrs. के अंत की खूब आलोचना हो रही है क्योंकि नायिका पति से अलग हो जाती है और डांस को अपना लेती है। उसके पति को दूसरी बीवी मिल जाती है जो वही सब कर रही होती है जो नायिका की अर्थशास्त्र में पीएचडी कर चुकी सास कर रही थी। आलोचकों को एतराज़ है कि दूसरी बीवी को फिर से गर्म फुल्के बनाते हुए दिखाने की ज़रूरत नहीं थी, इससे पितृसत्ता का किला वहीं खड़ा दीखता है। यह ध्वस्त नहीं होता। उन्हें लगता है कि फिल्म वहीं ख़त्म हो जानी चाहिए थी जहां नायिका घर छोड़ती है। दरअसल जो फिल्म में दिखाया गया है वही सच है। अलग हुए पतियों को ही नहीं, दहेज़ के दोषियों तक को यहां दुबारा मिसेज़ मिल जाती हैं। जब तक यह सिलसिला नहीं टूटेगा, पितृसत्ता के मज़बूत किले कभी ध्वस्त नहीं होंगे। किसी को लगता है कि नायिका को रण भी नहीं छोड़ना चाहिए था। तब क्या इसी घुटन में दम तोड़ देना चाहिए था? सौ साल पहले रवींद्रनाथ टैगोर ने भी मृणाल नामक किरदार की रचना की थी जिसने समाज में स्त्री के हालात और भेदभाव से दुखी होकर वैवाहिक जीवन और परिवार का त्यागकर जगन्नाथ की राह पकड़ ली थी। मार्ग मीरा का भी वही था। 'मृणाल की चिट्ठी' शीर्षक से इस कहानी में मृणाल कहती है- मैं सिर्फ आपके घर की छोटी बहू नहीं हूं। मैं मैं हूं..। कहा जा सकता है कि मिसेज़ बन जाना पहचान का खोना नहीं होना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस महिला दिवस पर महिलाएं अपने दिल की सुनने के और करीब होंगी और शेष समाज उनके साथ। अनामिका की कविता 'फर्नीचर' भी बहुत कुछ कहती है-

मैं उनको रोज़ झाड़ती हूं<br>
पर वे ही हैं इस पूरे घर में<br>
जो मुझको कभी नहीं झाड़ते!<br>
रात को जब सब सो जाते हैं-<br>
अपने इन बरफाते पांवों पर<br>
आयोडिन मलती हुई सोचती हूं मैं-<br>
किसी जनम में मेरे प्रेमी रहे होंगे फ़र्नीचर,<br>
कठुआ गए होंगे किसी शाप से ये!<br>
मैं झाड़ने के बहाने जो छूती हूं इनको,<br>
आंसुओं से या पसीने से लथपथ-<br>
इनकी गोदी में छुपाती हूं सर-<br>
एक दिन फिर से जी उठेंगे ये!<br>
थोड़े-थोड़े-से तो जी भी उठे हैं।<br>
गई रात चूं-चूं-चूं करते हैं:<br>
ये शायद इनका चिड़िया का जनम है,<br>
कभी आदमी भी हो जाएंगे!<br>
जब आदमी ये हो जाएंगे,<br>
मेरा रिश्ता इनसे हो जाएगा क्या<br>
वो ही वाला<br>
जो धूल से झाड़न का?

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# अर्थव्यवस्था की चाह बनाम चुनावी दबाव

जिस समय शेयर बाजार गोते लगा रहा हो और निवेशकों के लाखों करोड़ देखते-देखते स्वाहा हो रहे हों, जब डालर के खिलाफ रुपए की गिरावट रोकने के लिए सरकार मुश्किल से काम आए लाखों-करोड़ों डालर बाजार में उतारे और वे भी गिरावट को न रोककर खुद स्वाहा हो जाएं और जब सोना देखते-देखते नब्बे हजार प्रति दस ग्राम को छूता नजर आए तब यह कहना बहुत जोखिम और दिलेरी का काम है कि हमारी अर्थव्यवस्था काफी समय बाद मजबूती के लक्षण दिखा रही है और उसके बुनियादी पैमाने ऊपर की दिशा का ही रुख बनाए हुए हैं। और जब मोदी राज में आर्थिक प्रबंधन के हिसाब से केन्द्रीय भूमिका वाले शक्तिकान्त दास को रिजर्व बैंक के गवर्नर पद से सेवानिवृत्त होने के बाद प्रधानमंत्री का दूसरा प्रधान सचिव बनाने जैसा अपूर्व काम हुआ हो तब यह कहना भी मुश्किल है कि सरकार को आर्थिक मोर्चे की भारी हलचलों की परवाह नहीं है। शक्तिकान्त दास कोई बहुत भारी अर्थशास्त्री न हों और न ही उन्होंने सरकार में वित्त सचिव या रिजर्व बैंक का गवर्नर रहते कोई बहुत क्रांतिकारी कदम उठाया हो लेकिन इतना तो उनके पक्ष में जाता है कि मोदी सरकार के बुनियादी स्वभाव से उनका मेल है और उन्होंने अपनी प्रशासनिक जिम्मेवारियां उसी हिसाब से निभाई हैं। मोदीजी के नोटबंदी जैसे मुश्किल और गलत फैसले के बीच अर्थव्यवस्था और मुद्रा व्यवस्था को संभालना कोई आसान काम न था।



अरविन्द मोहन

बेरोजगारी के मामले में भी बेहतर आंकड़े देखने में आए हैं। जिस एक चीज से आर्थिक जानकार सबसे ज्यादा आश्वस्त हुए हैं वह है खेती के नतीजे। खरीफ की फसल अच्छी होने के बाद अब रबी के भी रिकार्ड पैदावार की उम्मीद की जा रही है। इन्हीं सबका नतीजा है कि इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विकास दर आधे फीसदी से ज्यादा ऊपर दिखाई देने लगा है

जिस हिसाब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने ऊटपटांग आर्थिक फैसलों से दुनिया भर में हड़कंप मचाए हुए हैं उसके बीच अपनी अर्थव्यवस्था की मजबूती के कोंपलों को संभालना और इसे एक स्वाभाविक विकास की तरफ ले जाना कोविड की तालाबंदी और नोटबंदी को संभालने से भी ज्यादा मुश्किल है। जब वैश्विक उथल-पुथल हो और बड़े जतन से बने विश्व व्यापार संगठन वाली व्यवस्थाओं को भी बेमानी बनाने का अभियान अमेरिकी राष्ट्रपति चलाएं तब निवेशकों और पूंजी का डर जाना बहुत स्वाभाविक है। बाइडन राज में अमेरिकी बांड और बैंकों की रकम पर कमाई का भरोसा बढ़ने से भी भारत समेत दुनिया भर के बाजारों से पूंजी अमेरिका गई थी। फिर चीन ने अपने निवेश नियम आसान किए और करों की छूट शुरू की तो उसने भी बड़े पैमाने पर पूंजी आकर्षित की। अब ट्रम्प द्वारा आयात पर कर बढ़ाने और कई देशों को सीधे धमकाने से बाजार में बेचैनी है। जाहिर तौर पर ऐसे वक्त निवेशक के लिए शेयर बाजार की अनिश्चितता से हटकर डालर, अमेरिकी सरकारी बांड और सोने में पैसा लगाना ज्यादा भरोसे का सौदा है। इसलिए बाजार में गिरावट के साथ डालर की महंगाई और सोने की बेतहाशा मांग बढ़ी है। वैश्वीकरण के युग में हम, खासकर बाजार इससे अछूते नहीं रह सकते।

जनवरी का विदेश व्यापार का आंकड़ा भी बताता है कि सिर्फ चालू घाटे के मामले में ही नहीं आइटम के हिसाब से भी हमारा विदेश व्यापार बेहतर हुआ है। वैश्विक स्तर पर सोने की मांग बढ़ने के के बावजूद सोना-प्रेमी भारत में आयात नहीं बढ़ा है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वैश्विक तेजी के बावजूद हमारे आयात बिल में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई है और तेल उत्पादों तथा गहनों के अलावा बाकी चीजों के निर्यात में तेजी दिखी है। महंगाई का सामान्य ग्राफ काफी समय से नियंत्रण में रहने के बाद सरकार और रिजर्व बैंक को यह भरोसा हुआ है कि लंबे समय बाद पहली बार बैंक दरों में पच्चीस प्वाइंट की कमी की गई। इससे लोन आसान होगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इस तेजी का इंतजार बाकी सभी क्षेत्रों में है और सरकार अलोकप्रियता या स्थिति हाथ से निकलने के डर से कई चीजों को रोके हुए है और अब अर्थव्यवस्था में मांग कम होने, ऋण मांगने वालों में कमी आने जैसे लक्षण भी दिखने लगे थे। इधर बेरोजगारी के मामले में भी बेहतर आंकड़े देखने में आए हैं। जिस एक चीज से आर्थिक जानकार सबसे ज्यादा आश्वस्त हुए हैं वह है खेती के नतीजे। खरीफ की फसल अच्छी होने के बाद अब रबी के भी रिकार्ड पैदावार की उम्मीद की जा रही है।

इन्हीं सबका नतीजा है कि इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विकास दर आधे फीसदी से ज्यादा ऊपर दिखाई देने लगा है जबकि दूसरी तिमाही में यह बहुत कम था। इस संकेत से यह उम्मीद मजबूत हुई है कि दुनिया में चाहे जो उठापटक चले भारत के आर्थिक विकास पर ज्यादा असर नहीं होगा। बुरा हो या अच्छा, पर अभी तक जीडीपी में विदेश व्यापार का हिस्सा ज्यादा बड़ा न होने से भी हम सुरक्षित हैं और यह बात बाहर की दुनिया को कुछ देर से मालूम हुई हो लेकिन सरकारी तंत्र को सिंगनल पहले से मिल रहे होंगे। यह बात हमारा बजट भी बताता है। हमारा राजकोषीय घाटा पहली बार साढ़े चार फीसदी के नीचे आया और हर बार टैक्स कलेक्शन का रिकार्ड बनना बताता है कि अर्थव्यवस्था का नान-फार्मल से फार्मल होने का अभियान चलाने के साथ ही वांछित दिशा में भी प्रगति हो रही है। यह वांछित दिशा क्या हो इस पर बहस हो सकती है लेकिन सरकार अपने अभियान में, जो काफी हद तक भूमंडलीकरण के अभियान से संचालित था या वोट पाने की हल्की राजनीति से, सफल रही है। आज नए सिरे से रेवड़ी बनाम अच्छा आर्थिक प्रशासन का मुद्दा उठाने लगा है पर बहस सही दिशा में नहीं चली है।

संयोग से बजट ही इस विरोधाभास को सबसे अच्छी तरह बता भी देता है। इस बार के बजट का सबसे चर्चित फैसला आयकर की सीमा को बारह लाख करना था। यह काम पिछले बजट में नहीं किया गया जबकि वह लोक सभा चुनाव के पहले का आखिरी बजट था। उस चुनाव के नतीजों और अन्य संकेतों से लग गया कि मध्य वर्ग भाजपा और नरेंद्र मोदी से दूर हो रहा है तो इस भारी-भरकम राहत के जरिए उसे पटाया गया। माना जाता है कि दिल्ली में भाजपा की जीत में उससे भी मदद मिली। बजट के इस पक्ष को भुला दिया गया (राजकोषीय अनुशासन की बात को भी) कि सरकार के लिए अब संरचना क्षेत्र में ज्यादा खर्च करना संभव नहीं है। वह क्षेत्र लगभग अघा चुका है। हर दस साल में देश के सभी राजमार्गों को खोदकर दोबारा बनाया जाए तब भी सरकारी खजाना तय रकम नहीं खर्च कर सकता। संविधान द्वारा सड़क (राष्ट्रीय राजमार्ग), रेल, रक्षा, हवाई अड्डा और बंदरगाहों पर ही निवेश की सीमा तय करने से ऐसी स्थिति आई है। इसलिए कितने हवाई अड्डे और कितने माडल स्टेशन और कहां-कहां बनाए की बात होती है इसे भी याद करें। बड़ा सवाल यही है कि सरकार की प्राथमिकता क्या हों। वह अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखे या चुनाव और चुनावी चंदे को। असली मुश्किल यही है कि हर बार अर्थव्यवस्था कमर कसकर आगे आती है और हर बार चुनाव उसकी छाती के ऊपर बैठ जाता है।

## आपके पत्र

### यहां कठिनाइयों से गुज़रती है ज़िंदगी

देश के बड़े शहरों और महानगरों में दो तरह की ज़िंदगी नज़र आती है। एक ओर जहां चमचमाती सड़कें, गगनचुंबी इमारतें और आधुनिक सुख सुविधाओं से सजी कॉलोनियां होती हैं, वहीं दूसरी ओर संकरी गलियों में झुग्गी-झोपड़ियां भी आबाद होती हैं जिसे स्लम बस्ती के रूप में जाना जाता है। जहां लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करते नजर आते हैं। यहां रहने वाला प्रत्येक परिवार सामाजिक और आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा होता है।

इन्हीं शहरों में एक बिहार की राजधानी की पटना भी है। जहां बघेरा मोहल्ला नाम से आबाद स्लम बस्ती की हकीकत और यहां रहने वाले लोगों के संघर्ष की कहानी आपको बता रही हूं। शहर के मशहूर गर्दनीबाग इलाके में आबाद यह बस्ती पटना हवाई अड्डे से महज 2 किमी दूर और बिहार हज भवन के ठीक पीछे स्थित है। ऐतिहासिक शाह गड्डी मस्जिद, (जिसे स्थानीय लोग सिगड़ी मस्जिद के नाम से जानते हैं), से भी इस बस्ती की पहचान है। इस बस्ती तक पहुंचने के लिए आपको एक खतरनाक नाला के ऊपर बने लकड़ी के एक कमजोर और चरमराते पुल से होकर गुजरना होगा। सुबह की पहली किरण के साथ ही, इस बस्ती में हलचल शुरू हो जाती है। गीली मिट्टी और टूटे नलकों से रिसते पानी के बीच महिलाएं अपने दिनभर के कामों में जुट जाती हैं। वहीं पुरुष रोज़गार की तलाश में निकल जाते हैं। इस बस्ती का जीवन आसान नहीं है। यहां पीने का साफ पानी मिलना किसी सपने से कम नहीं, और शौचालय की अनुपलब्धता ने खुले में शौच को मजबूरी बना दिया है। बिजली भी आंख-मिचौली खेलती रहती है। इस बस्ती के लोगों का स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बहुत मुश्किल होती है। अक्सर गर्भवती महिलाओं, बुज़ुर्गों और छोटे बच्चों के लिए स्थिति गंभीर हो जाती है।

इस बस्ती के निवासी पिछले आठ वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना मकान होने की बाट जोह रहे हैं। लेकिन दस्तावेज़ पूरा नहीं होने के कारण उनका ख्वाब अधूरा रह जा रहा है। इस बस्ती के निवासी पिछले आठ वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना मकान होने की बाट जोह रहे हैं। लेकिन दस्तावेज़ पूरा नहीं होने के कारण उनका ख्वाब अधूरा रह जा रहा है। यहां रहने वाली 80 वर्षीय रुकमणी देवी बताती हैं कि वह इस बस्ती में पिछले 40 सालों से रह रही हैं. इस बस्ती में करीब 250-300 घर हैं, जिनकी कुल आबादी लगभग 700 के करीब है. रुकमणी देवी की पहचान क्षेत्र में एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी रही है। जो इस बस्ती की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम करती रही हैं। वह बताती हैं कि 1997 में सरकार ने इस बस्ती को स्लम क्षेत्र घोषित किया था। यहां लगभग 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति समुदाय के लोग आबाद हैं। जिनका मुख्य कार्य मजदूरी और ऑटो रिक्शा चलाना है। वह बताती हैं कि इस बस्ती के सभी परिवार के पास अपना मकान के नाम पर केवल झुग्गी झोपड़ी है।

इस बस्ती में शिक्षा का प्रतिशत बहुत कम है। बच्चे, जो कल का भविष्य हैं, वे यहां बचपन में ही संघर्ष करना सीख लेते हैं। बस्ती में एक प्राथमिक स्कूल तो है, मगर उनमें संसाधन नहीं है। शिक्षकों की कमी और सुविधाओं का अभाव बच्चों को शिक्षा से दूर कर रही है।

**सुप्रिया सिन्हा, पटना बिहार**



## ललित सुरजन की कलम से

### यह क्रिकेट नहीं अफीम है

*जब रोम जल रहा था, तब नीरो बांसुरी बजा रहा था। जब भारत पर उत्तर और पश्चिम दिशाओं से विदेशी आक्रमण हो रहे थे, तब भारत के सम्राट, नरेश, क्षत्रप और सामंत खजुराहो जैसे मंदिरों का निर्माण करवाने में जुटे हुए थे।*

*जब फ्रांस में राज्यक्रांति होने को थी, तब महारानी मैरी भूखे प्रजाजनों को रोटी न मिलने पर केक खाने की मासूम सलाह दे रही थीं।*

*जब 1857 में लखनऊ पर ईस्ट इंडिया कंपनी की फौज चढ़ी आ रही थी, तब बकौल प्रेमचंद, लखनऊ के नवाब शतरंज की बिसात में उलझे हुए थे।*

*जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भारत राजनीतिक दिशा और लक्ष्य खो बैठा था, तब हमारे देश की सरकार रूस, फ्रांस और न जाने कहाँ-कहाँ भारत महोत्सव मनाने में मगन थी।*

*और जब भारत में महंगाई आसमान छू रही है, अनाज और सब्जियां मिलना तक दुश्वार हो रहा है तथा समूचा सत्तातंत्र भ्रष्टाचार के कीचड़ में आपादमस्तक लिथड़ा हुआ नजर आ रहा है, तब इस देश का सुविधाभोगी वर्ग क्रिकेट के नशे में डूबा हुआ है।*

*भारत इस समय अपने राजनैतिक इतिहास के एक बेहद नाजुक मोड़ से गुजर रहा है। आज वह आजादी और गुलामी के बीच जो फर्क है, उसे समझ पाने में असमर्थ नजर आता है। पूंजीवाद के नए अवतार ने देश को ऐसी चकाचौंध में डाल दिया है जहां किसी भी बात का सिरा मिलना लगभग असंभव हो गया*

**(7 अप्रैल 2011 को देशबन्धु में प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/05/blog-post_2996.html

## पावन प्रसंग

### 21वी सदी नारी धार्मिकता एवं मर्यादा की प्रहरी

आज विश्व की मांग है और वह मांग भारत पूरी कर सकता है। वह मांग है- शांति द की प्रेम की, सुरक्षा की तथा संगठन की। आज के युग की सबसे बड़ी मांग है- नवनिर्माण की, प्रस्तुत परिस्थितियों में आमूलचूल परिवर्तन एवं क्रांति की। आज हम युग परिवर्तन के प्रहरी बनकर विश्व को शांति का दीप दिखाएंगे, फिर से हमें अपने भारतीय ऋषि-मुनियों की परंपरा को जीवित करना होगा, फिर से धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, नैतिक एवं नैष्ठिक पुनरुत्थान की भावना को जन-जन में भर देना होगा। आज हमें भारतीय होने के नाते प्रत्येक नर-नारी को देश के नवनिर्माण में प्राणपण से जुट जाना होगा। इस युग परिवर्तनकारी आंदोलन में और जागरण की स्वर्णिम वेला में भारतीय नारी का प्रथम उत्तरदायित्व है कि वह आगे कदम उठाए। आज की नारी सजग है, वह स्वतंत्रता, धार्मिकता एवं मर्यादा की प्रहरी है।

आज भारतीय नारी हर क्षेत्र में कार्य कर रही है; वह युग का निर्माण करने के लिए तत्पर है। युग करवट ले रहा है, परिस्थितियों का घटनाक्रम तीव्रगति से घूम रहा है, मानवता के अर्द्धभाग को छोड़कर कोई देश व समाज उन्नति नहीं कर सकता। अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों के पोषण के लिए भारतीय नारी कटिबद्ध होकर कार्यक्षेत्र में उतर रही है। नारी की शिक्षा का प्रतिशत बढ़ाने के साथ-साथ उसके स्वतंत्र व्यक्तित्व को ढालना होगा, दासता की श्रृंखलाओं से मुक्त करना होगा और पुरुष समाज को समझना होगा कि नारी उपभोग एवं वासना की वस्तु नहीं, एक जीती जागती आत्मा है, उसमें भी प्राण है, मान है, और है स्वाभिमान की भावना। मनु ने नारा लगाया था- 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:।' नारी आज हर कदम पर नई प्रेरणा देगी। उसकी अपार शक्ति को फिर से प्रतिस्थापित करना होगा। वह ममतामयी माँ है, स्नेहमयी भगिनी है, पतिपरायण पत्नी है, किंतु दूसरी ओर वह चंडी है, दुर्गा है, काली है। नारी ही वीर पुत्रों को जन्म देती है। ध्रुव, प्रह्लाद, अभिमन्यु, शिवाजी, राणा प्रताप को जन्म देने वाली माताएं भारत में ही हुईं। रणचंडी दुर्गा की भांति मर्यादा और मान के लिए जूझने वाली क्षत्राणियां और झासी की रानी जैसी वीरांगनाएं यहीं हुईं, किंतु हम भूल गए उन सतियों के तेज को, उन वीर प्रसविनी जननियों को, उन कुल ललनाओं को। आज नारी का तेज आभूषणों की चमक व रेशमी परिधानों में धूमिल पड़ गया है। इस चतुर्मुखी निर्माण की वेला में नारी को प्रेरणा लेनी होगी, उसमें फिर से आत्मबल जाग्रत करना होगा। देश में कन्याओं की शिक्षा पर लड़कों की शिक्षा से अधिक बल दिया जाए। नारियां शिक्षित होंगी तो पुरुष समाज तो स्वत: सुधर जाएगा, माताओं और पत्नियों के संस्कार से पुरुष समाज अपने आप सुसंस्कृत होगा। देश की मान-मर्यादा की रक्षा करने वाली नारी जब नवविहान का स्वर गुंजा देगी तो कोई संदेह नहीं कि हमारे देश में आज फिर हरिश्चंद्र, प्रताप, राम, भीम और अर्जुन पैदा होंगे।

आज संपूर्ण नारी जाति का कर्तव्य है कि निंदनीय वातावरण को छोड़कर, परवशता की ग्रंथियां काटकर आगे बढ़े और समाज सुधार का, नैतिक उत्थान का, धार्मिक पुनर्जागरण का संदेश मानवता को दे। पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर घर और बाहर दोनों क्षेत्रों में नारी को कार्य करना होगा; यही आज भारत की मांग है। आज भारत की मांग है- अध्यात्म और भारतीय धर्म एवं संस्कृति का पुनर्स्थापन। जब घर-घर में पुन: वेदों की वाणी गूंज उठेगी, तब भारत फिर से अपने प्राचीन जगद्गुरु के गौरव प्राप्त करेगा।

**-युग निर्माण योजना**

### किसान पंजीयन में अनियमितता पर समिति को उपार्जन कार्य से किया पृथक

# खराब चावल के भण्डारण पर शाखा प्रबंधक के विरूद्ध कार्रवाई का भेजा प्रस्ताव

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने प्रदाय केन्द्र शाहनगर गोदाम में कीटयुक्त चावल भण्डारित पाए जाने तथा उचित मूल्य दुकानों में इसकी सप्लाई पर वेयरहाउस शाहनगर के शाखा प्रबंधक बलवीर सिंह पिप्पल एवं सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के प्रदाय केन्द्र शाहनगर के प्रभारी प्रभांशु द्विवेदी के विरूद्ध निलंबन और विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव प्रबंध संचालक, मुख्यालय भोपाल को भेजा है। इस संबंध में पूर्व में जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब समाधानकारक नहीं पाए जाने पर उक्त कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने जिला प्रबंधक स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन पन्ना को शाहनगर प्रदाय केन्द्र अंतर्गत भण्डारित चावल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से परीक्षण कर एफएक्यू गुणवत्ता का चावल दुकानों में प्रदाय करने के निर्देश भी दिए हैं।




उल्लेखनीय है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहनगर द्वारा खाद्यान्न उठाव प्रदाय केन्द्र शाहनगर अंतर्गत कुछ उचित मूल्य दुकानों को निम्न गुणवत्ता का चावल प्रदाय करने की शिकायत पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शाहनगर से जांच कराई गई थी। शाहनगर ब्लॉक के उचित मूल्य दुकान परासी, मलघन, नांद चांद, गजंदा, रैगुआ, बुधरोड़, रामगढ़ा और देवरी में जांच के दौरान निम्न गुणवत्ता के चावल की सप्लाई पाई गई। साथ ही गोदाम की जांच पर कुछ मात्रा में खराब गुणवत्ता का कीटयुक्त चावल का भण्डारण भी पाया गया था। इस क्रम में अब जिले के समस्त खाद्यान्न भण्डारण और उठाव प्रदाय केन्द्र बड़ागांव, अजयगढ़, अमानगंज, पवई तथा शाहनगर से प्रदाय होने वाले खाद्यान्न की गुणवत्ता परीक्षण व स्टेक चयन के लिए तीन सदस्यीय जांच दल भी गठित कर गुणवत्ता परीक्षण तथा मानक अनुरूप खाद्यान्न दुकानों में प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला कलेक्टर द्वारा एक अन्य प्रकरण में खरीफ उपार्जन वर्ष 2024-25 के तहत रैपुरा तहसील के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति फतेहपुर द्वारा संचालित धान पंजीयन केन्द्र फतेहपुर और रैपुरा द्वारा किसान पंजीयन में की गई अनियमितता की शिकायत पर जांच कराई गई। इस दौरान पंजीयन केन्द्रों के माध्यम से 1196 किसानों के पंजीयन में अनियमितता मिलने पर समिति को आगामी एक वर्ष के लिए उपार्जन कार्य से पृथक किया गया है। साथ ही समिति प्रबंधक सियाराम लोधी, सहायक समिति प्रबंधक रामप्रकाश तिवारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुजान लोधी व राजेश लोधी के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश सहायक आयुक्त सहकारिता पन्ना को दिए गए हैं।

जिला कलेक्टर द्वारा भविष्य में पीडीएस व्यवस्था तथा उपार्जन में संलग्न समस्त अधिकारी-कर्मचारियों तथा समिति व समूह को भी शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है अन्यथा संबंधितों के विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### वन परिक्षेत्र धरमपुर के भसूड़ा बीट की घटना

## तेंदुओं की आपसी लड़ाई में मादा की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के उत्तर वन मंडल वन परिक्षेत्र धरमपुर अंतर्गत भसूडा बीट में तेंदुओ की आपसी लड़ाई में एक मादा तेंदुए की मौत का मामला सामने आया है। 5 मार्च 2025 को सुबह लगभग 6 बजे बीटगार्ड को चौकीदार से सूचना मिली कि कक्ष क्रमांक पी-16 में तीन तेंदुए आपस में लड़ रहे हैं, तत्काल इसकी सूचना बीटगार्ड नंदराम अहिरवार के द्वारा धरमपुर रेंजर वैभव सिंह चंदेल को दी गई।

रेंजर श्री चंदेल के द्वारा इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देकर वन अमले के साथ मौके पर पहुंचे तब तक तेंदुओ की लड़ाई में लगभग 3 वर्षीय एक मादा तेंदुए की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही डीएफओ गर्वित गंगवार व एसडीओ दिनेश सिंह गौर मौके पर पहुंचे और डॉग स्क्वायड से छानबीन करवाई। एवं मौके पर पंचनामा उपरांत मृत तेंदुए को स्मृतिवन पन्ना लाया गया जहां पोस्टमार्टम उपरांत अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

## अचल संपत्ति के मूल्य निर्धारण के लिए 10 मार्च तक आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित



### ◆ जिला मूल्यांकन समिति की हुई बैठक

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में वर्ष 2025-26 में अचल संपत्ति के मूल्य निर्धारण के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर जिले की उप जिला मूल्यांकन समितियों से पूर्व में अचल संपत्तियों के मूल्य निर्धारण के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर विचार विमर्श कर समिति द्वारा अनंतिम रूप से अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही आमजनों से आगामी 10 मार्च तक सुझाव व आपत्तियां भी आमंत्रित की गई हैं। जिला पंजीयक ने बताया कि नवीन वित्तीय वर्ष के गाइडलाइन प्रस्ताव का जिला पंजीयक कार्यालय में आम नागरिकों द्वारा अवलोकन किया जा सकता है। संबंधित उप पंजीयक कार्यालयों में तहसीलों से संबंधित प्रस्ताव भी रखे गए हैं।

जिले की पांच तहसीलों क्रमशः पन्ना, पवई, गुनौर, अजयगढ़ एवं शाहनगर में वर्ष 2025-26 में 328 में से 214 शहरी लोकेशन पर मूल्य वृद्धि प्रस्तावित है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों की 1085 में से 652 लोकेशन पर अचल संपत्ति की मूल्य वृद्धि का प्रस्ताव है। उप मूल्यांकन समितियों द्वारा जिले की 1413 लोकेशन में से 866 लोकेशन में वृद्धि प्रस्तावित की गई है। आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त करने के उपरांत समिति द्वारा गाइडलाइन प्रस्ताव अनुसार अचल संपत्ति के मूल्य निर्धारण का अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में पवई विधायक प्रह्लाद सिंह लोधी सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, एसडीएम संजय नागवंशी, सीएमओ शशिकपूर गढपाले एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अटल भू जल योजना की हुई कार्यशाला



**पन्ना, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों के पुर्नजीवन तथा भू जल स्तर में सुधार के उद्देश्य से पन्ना जिले के अजयगढ़ विकासखण्ड में अटल भू जल योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी से संचालित यह महत्वाकांक्षी योजना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण में भी सहायक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 दिसम्बर 2019 को देश के चयनित विकासखण्डों में योजना का शुभारंभ किया था। इससे अजयगढ़ विकासखण्ड की 65 ग्राम पंचायतों के 118 ग्रामों की 2 लाख 19 हजार से अधिक आबादी को लाभ मिलेगा।

अटल भू जल योजना अंतर्गत विकास व हितग्राहीमूलक कार्यों में विभागीय समन्वय तथा जनजागरूकता गतिविधियों के लिए आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अटल भू जल योजना का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान उद्यानिकी, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा क्रियान्वित अब तक के कार्यों की जानकारी साझा की गई। साथ ही आगामी कार्ययोजना के माध्यम से योजना के परिणाममूलक कार्यों के संबंध में भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर द्वारा योजना में लक्ष्य अनुरूप प्रगति तथा कृषकों के प्रशिक्षण व सुविधाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। विभिन्न निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति के संबंध में भी चर्चा की गई।

जिला कलेक्टर ने अटल भू जल योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने, प्रशिक्षण, जनजागरूता इत्यादि के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित जिला समन्वयक जनअभियान परिषद आनंद पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल, 2 बाइक जप्त

**पन्ना, देशबन्धु।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की 2 बाइकों सहित शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफलता हासिल की है। बताया गया है कि 03 मार्च को फरियादी राहुल रैकवार निवासी टिकुरिया मोहल्ला पन्ना के द्वारा रिपोर्ट की गयी कि 02 मार्च को उसकी बाइक सीडी डीलक्स कीमती 35 हजार कटरा मोहल्ला पन्ना में खडी थी जो अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया है। फरियदी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। इसी प्रकार 06 मार्च को फरियादी अमन रैकवार निवासी गोविन्द मंदिर के पास पन्ना के द्वारा रिपोर्ट की गयी की 3 मार्च को उसकी बाइक हीरो स्पेलेंडर प्लस कीमती 50 हजार रूपये को पन्ना जिला अस्पताल के गेट के पास से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। थाना में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम के द्वारा शहर में लगे सीसीटीव्ही कैमरों की मदद से एवं प्रकरण में आये साक्ष्य के आधार पर एक संदिग्ध को अभिरक्षा में लेकर पूछतांछ की गई, जिसके द्वारा दोनों बाइक चोरी करना स्वीकार किया गया, 06 मार्च को आरोपी धीरेन्द्र यादव पिता बहादुर सिंह यादव उम्र 18 साल निवासी बराछ की निशानदेही पर चोरी की दोनों बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, सउनि मान सिंह, सउनि सुभाष चन्द्र, प्र.आर. बृषकेतू रावत, अशोक सिंह, सर्वेंद्र कुमार आर. अभिषेक यादव, संदीप पटेल, चन्द्रपाल प्रजापति, घनश्याम पटेल सत्यनारायण अग्निहोत्री, योगेंद्र सिंह सीसीटीव्ही कन्ट्रोल रुम पन्ना से निरंजन त्रिफला, एवं म.आर. रंजना गौतम की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है।

## लोक अदालत के लिए 12 खण्डपीठ का गठन

पन्ना, देशबन्धु। आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए कुल 12 खण्डपीठ का गठन किया गया है। समस्त खण्डपीठ में राजीनामा योग्य विचाराधीन लंबित आपराधिक, चेक अनादरण, मोटर दावा दुर्घटना, दीवानी भू अर्जन, पारिवारिक विवाद, भरण पोषण, घरेलू हिंसा आदि प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्युत विभाग, सभी बैंकों के ऋण वसूली, टेलीफोन विभाग के बिल, नगर पालिका परिषद पन्ना, नगर परिषद देवेन्द्रनगर, अमानगंज, ककरहटी, गुनौर, पवई एवं अजयगढ़ के जल कर व संपत्ति कर से संबंधित सभी मामलों का निराकरण भी किया जाएगा, जिसके लिए पक्षकारों को सूचना पत्र जारी किए गए हैं। सूचना पत्र प्राप्त नहीं होने पर भी नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर प्रकरण का निराकरण कराया जा सकता है। समस्त पक्षकारों एवं आम जनता से आग्रह किया गया है कि शनिवार को आयोजित लोक अदालत में उपस्थित होकर राजीनामे के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण कराएं तथा विद्युत विभाग, बैंक, नगर पालिका, चेक अनादरण व दीवानी प्रकरणों में प्राप्त होने वाली छूट व न्याय शुल्क वापसी का लाभ प्राप्त करें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय में 9 खण्डपीठ गठित की गई है। इसके अलावा पवई में दो तथा अजयगढ़ में एक खण्डपीठ का गठन किया गया है। जिला न्यायालय के लिए प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रूपेश शर्मा की खण्डपीठ क्रमांक 1, तृतीय जिला न्यायाधीश अरविन्द कुमार शर्मा की खण्डपीठ क्रमांक 2, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश इन्द्रजीत रघुवंशी की खण्डपीठ क्रमांक 3, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम की खण्डपीठ क्रमांक 4, जे.एम.एफ.सी. एवं प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मोहित बड़के की खण्डपीठ क्रमांक 5, जे.एम.एफ.सी. एवं प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड इकरा मिनिहाज की खण्डपीठ क्रमांक 6, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड की खण्डपीठ क्रमांक 7, जे.एम.एफ.सी. एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड श्वेता आर्य की खण्डपीठ क्रमांक 8 तथा जे.एम.एफ.सी. एवं तृतीय व्यवहार न्यायाधीश तनिष्का वैष्णव की खण्डपीठ क्रमांक 9 का गठन किया गया है। इसी तरह पवई तहसील के लिए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नवनीत कुमार वालिया की खण्डपीठ क्रमांक 10 एवं जे.एम.एफ.सी. व व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हिमांशी ठाकुर भारद्वाज की खण्डपीठ क्रमांक 11 और अजयगढ़ तहसील में जे.एम.एफ.सी. एवं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड श्वेता रघुवंशी की खण्डपीठ क्रमांक 12 का गठन किया गया है।

## लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को सहायता राशि 8 मार्च को

**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 की लाभार्थी महिलाओं को मार्च माह की सहायता राशि का अंतरण शनिवार, 8 मार्च को किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहनों के बैंक खाते में सिंगल क्लिक के जरिए राशि का अंतरण करेंगे।

## जिला उपार्जन समिति की बैठक आज

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में 7 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला उपार्जन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस मौके पर रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों और खरीदी केन्द्रों के निर्धारण तथा अन्य निर्धारित एजेण्डा पर चर्चा होगी।


**CHANGE OF NAME & DOB**

I , PUSPA IS MOTHER OF ARMY NO - 4580471A RANK NK NAME PATIL UDAYSING VILAS SERVING IN 19 MAHAR HOME ADDRESS AT NEAR HANUMAN MANDIR, KHANDERAJURI, SANGLI, MAHARASHTRA, 416410 HAVE CHANGED MY NAME FROM PUSPA TO PUSHPAVATI VILASRAO PATIL AND CHANGED MY DOB FROM 01/06/1962 TO 1960 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 07/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME & DOB**

I , VILAS IS FATHER OF ARMY NO - 4580471A RANK NK NAME PATIL UDAYSING VILAS SERVING IN 19 MAHAR HOME ADDRESS AT NEAR HANUMAN MANDIR, KHANDERAJURI, SANGLI, MAHARASHTRA, 416410 HAVE CHANGED MY NAME FROM VILAS TO VILAS SHAMRAV PATIL AND CHANGED MY DOB FROM 01/06/1955 TO 1952 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 07/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME & DOB**

I , SHOBHA BAI IS MOTHER OF ARMY NO - 4580425L RANK NK NAME WAYWALE SUNIL BHIMRAO SERVING IN 19 MAHAR HOME ADDRESS AT - SUGAON KHURD , POST - WAGHI , DIST - NANDED , STATE - MAHARASHTRA , PIN CODE - 431602 HAVE CHANGED MY NAME FROM SHOBHA BAI TO SHOBHABAI BHIMRAO WAYWALE AND CHANGE MY DOB FROM 05/07/1968 TO 06/06/1966 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 07/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME & DOB**

I , BHIMRAO IS FATHER OF ARMY NO - 4580425L RANK NK NAME WAYWALE SUNIL BHIMRAO SERVING IN 19 MAHAR HOME ADDRESS AT - SUGAON KHURD , POST - WAGHI , DIST - NANDED , STATE - MAHARASHTRA , PIN CODE - 431602 HAVE CHANGED MY NAME FROM BHIMRAO TO BHIMRAO NARSING WAYWALE AND CHANGE MY DOB FROM 04/08/1965 TO 14/08/1965 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 07/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 4582094N RANK NK NAME VINOD DEVIDAS SULTANE SERVING IN 15 MAHAR HOME ADDRESS VILL - WARANGAON , POST - CHARANGAON ,TEH - PATUR , DIST - AKOLA , STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 444511 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM SAMARTHA TO SAMARTH VINOD SULTANE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 05/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , SR/NO - TJ006680F RANK SUB NAME RAJKUMAR PATEL SERVING IN 108 INF BN (TA) MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - PANT NAGAR , POST - LAXMI PURA , TEH - SAGAR , DIST - SAGAR , STATE - MADHYA PRADESH , PIN CODE - 470001 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM VARUN PATEL TO VARUN KUMAR PATEL IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 05/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , RESHMA IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 4582094N RANK NK NAME VINOD DEVIDAS SULTANE SERVING IN 15 MAHAR HOME ADDRESS VILL - WARANGAON , POST - CHARANGAON ,TEH - PATUR , DIST - AKOLA , STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 444511 HAVE CHANGED MY NAME FROM RESHMA TO RESHMA VINOD SULTANE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 05/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

WE , KAMTA & DEVIDAS ARE PARENTS OF ARMY NO - 4582094N RANK NK NAME VINOD DEVIDAS SULTANE SERVING IN 15 MAHAR HOME ADDRESS VILL - WARANGAON , POST - CHARANGAON ,TEH - PATUR , DIST - AKOLA , STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 444511 HAVE CHANGED MY NAME FROM KAMTA TO KANTABAI DEVIDAS SULTANE AND CHANGED FROM DEVIDAS TO DEVIDAS HARIBHAU SULTANE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 05/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 4582094N RANK NK NAME SULTANE VINOD DEVIDAS SERVING IN 15 MAHAR HOME ADDRESS VILL - WARANGAON , POST - CHARANGAON ,TEH - PATUR , DIST - AKOLA , STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 444511 HAVE CHANGED MY NAME FROM SULTANE VINOD DEVIDAS TO VINOD DEVIDAS SULTANE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 05/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , RAJENDRA CHAUDHARI IS FATHER OF ARMY NO - 4582029N RANK L/NK NAME MANOJ KUMAR YADAV SERVING IN 19 MAHAR PRESENTLY RESIDING AT VILL - CHERUIA , PO - CHERUIA , TEH - BALLIA, DIST - BALLIA , STATE - UTTAR PRADESH PIN CODE - 277503 HAVE CHANGED MY NAME FROM RAJENDRA CHAUDHARI (OLD NAME ) TO RAJENDRA YADAV ( NEW NAME ) IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 05/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M P


**न्यायालय तहसीलदार राहतगढ़ जिला-सागर ( म.प्र. )**

क्रमांक क /1111 / री.तह. /2024 — राहतगढ़ दिनांक 03.03.2025

प्रकरण क्रमांक .....अ-20(3) वर्ष 2024-25

1. डॉ. ममता तिमोरी शासकीय अस्पताल बहादुरपुर तहसील राहतगढ़ सागर जिला सागर.......................................आवेदक

विरूद्ध

1. मध्यप्रदेश शासन .........................................................अनावेदक

**सूचना-पत्र**

ऐतद् द्वारा जरिये सूचना पत्र सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा बहादुरपुर पटवारी हल्का नम्बर 08 तहसील राहतगढ़ स्थित भूमि खसरा नम्बर 268 रकवा 2.48 हे में से रकवा 0.05 हे. भूमि उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण किये जाने हेतु भूमि आवंटन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक **18.03.2025** को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति स्वयं या मान्य अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह सूचना पत्र आज दिनांक 03.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**राहतगढ़ जिला सागर ( म.प्र. )**

**जी-23877/24**

**न्यायालय तहसीलदार राहतगढ़ जिला-सागर ( म.प्र. )**

क्रमांक क/1112/री. तह. / 2025 — राहतगढ़ दिनांक 03.03.2025

प्रकरण क्रमांक ..........अ-20(3) वर्ष 2024-25

1. श्री आर.के. वर्मा एजुकेटिव इंजीनियर तहसील राहतगढ़ सागर जिला सागर ..........................................आवेदक

विरूद्ध

1. मध्यप्रदेश शासन ........................................................अनावेदक

**सूचना-पत्र**

ऐतद् द्वारा जरिये सूचना पत्र सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा शिकारपुर पटवारी हल्का नम्बर 27 तहसील राहतगढ़ स्थित भूमि खसरा नम्बर 2/1 रकवा 32.52 हे भूमि चकरपुर बांध के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम सेमरामेड़ा की आबादी के आवागमन हेतु सेमरामेड़ा से वन क्षेत्र से होकर ग्राम मसानिया तक रोड़ निर्माण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक **18.03.2025** को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति स्वयं या मान्य अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह सूचना पत्र आज दिनांक 03.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**राहतगढ़ जिला- सागर ( म.प्र. )**

**जी-23878/24**


**बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI**

आंचलिक कार्यालयः एमआईजी-15, राजेश्वर बिल्डिंग, शिव नगर, दमोह रोड, जबलपुर- 482002
Email: jabalpur.ard@bankofindia.co.in

**अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय सूचना**

**ई- नीलामी विक्रय सूचना** प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला और जमानतदार को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल सम्पत्ति जो **प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया)** के पास गिरवी / प्रभारित हैं, का प्रतीकात्मक कब्जा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणी एवं जमानतदार से बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु दिनांक **25.03.2025** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमशः दी गई है।

**ई-नीलामी दिनांक 25/03/2025 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक चलेगी।**

| शाखा का नाम (1) | ऋणी / जमानतदार (2) | संपत्तियों का विवरण व स्वामी का नाम (3) | मांग सूचना 13(2) के तहत मांग नोटिस दिनांक व बकाया राशि (4) | आधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5) | आरक्षित राशि (6) | ईएमडी (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शाखा : कलेक्ट्रोरेट सागर | श्री रमेश मिश्रा पिता श्री शिव प्रसाद मिश्रा (ऋणी), श्रीमति सीता मिश्रा पत्नि श्री रमेश मिश्रा (सह-ऋणी) दोनों का पताः 434/4, खसरा नं. 31/3, मौजा तिली वार्ड, तिरूपतिपुरम, सागर (म.प्र.)- 470003 | सम्पत्तिः साम्य बंधक भूमि एवं बिल्डिंग एरिया- 725 वर्गफुट स्थित मकान नं. 434/4, खसरा नं. 31/3, मौजा- तिली माफी, तिली वार्ड, प.ह.नं. 44, तहसील एवं जिला- सागर (म.प्र.)। समपत्ति स्वामी- श्री रमेश मिश्रा पिता शिव प्रसाद मिश्रा। सीमाएं- उत्तर- चन्द्रमान का प्लाट, दक्षिण- मोहनलाल का मकान, पश्चिम- टी.डी. बिल्डर्स की भूमि, पूर्व- रोड। | 04-05-2024 ₹ 19,09,535.06 + ब्याज एवं अन्य खर्च | 31.08.2024 सांकेतिक | ₹ 21,04,000 | ₹ 2,10,400 |

**सुरक्षित ऋणदाता को ज्ञात ऋणभार का विवरण : ज्ञात नहीं**

**नियम एवं शर्तें**- 1. नीलामी बिक्री/बोली केवल वेबसाइट https:baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया के माध्यम से होगी।
2. यदि आवश्यक हुआ तो 10-10 मिनट का असीमित विस्तार किया जाएगा। नीलामी आरक्षित मूल्य से ऊपर शुरू होगी और बोलीदाताओं को उपरोक्त सभी संपत्तियों के लिए 10,000 रूपये गुणक में अपने प्रस्तावों में सुधार करना होगा। बिक्री आरक्षित मूल्य पर या उससे कम पर नहीं होगी।
3. बिक्री प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कराना होगा। उन्हें नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पहले उपरोक्त संपत्ति(यों) से संबंधित किसी भी वैधानिक देनदारियों, संपत्ति कर के बकाया, बिजली बकाया आदि के बारे में अपनी जांच करनी होगी। संपत्तियां सभी मौजूदा और भविष्य की देनदारियों के साथ बेची जा रही हैं, चाहे बैंक को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी तीसरे पक्ष के दावे/अधिकारों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
5. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
6. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम बोली या किसी भी बोली या किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने और बिक्री की किसी भी शर्त को बदलने, संशोधित करने और माफ करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, प्राधिकृत अधिकारी का उक्त ई-नीलामी को बिना किसी कारण बताए रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।
7. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https:baanknet.com, www.bankofindia.co.in देखें, या संपर्क करें: श्री सुशांत डोंगरे (मोबा. नं. 7580888800), प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, झोनल ऑफिस, जबलपुर।
8. यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं)/बंधककर्ता(ओं) के लिए 15/30 दिनों का नोटिस भी है।
9. सफल बोलीकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी की आयकर अधिनियम की धारा 194-IA के तहत लागू 1% की दर से टीडीएस जमा करना होगा, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रू. 50 लाख या अधिक है। टीडीएस को फार्म 26QB ऑनलाईन भरकर जमा कराना होगा और टीडीएस सर्टिफिकेट फार्म 16 B में जारी करना होगा। खरीददार को सरकारी खाते में आयकर जमा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**दिनांक: 07/03/2025, स्थान: जबलपुर** — **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया**

### शादी पक्की कर वापिस लौट रहे थे

# वाहन खाई में पलटा, 10 घायल, 3 की हालत गंभीर

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की पलेरा तहसील के अंतर्गत ग्राम मवई इतायली सड़क पर बुधवार की रात करीब 11 बजे एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गया। इस घटना में लोडिंग वाहन में सवार 10 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर दो 108 एंबुलेंस ने घायल लोगों को पलेरा अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां 3 लोगों की हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल रिफर किया गया। बताया जा रहा है कि यह लोग शादी पक्की करने के लिए गए थे, वापिस लौटते समय यह सड़क दुर्घटना हो गई। 108 एंबुलेंस के डीएम सुरेंद्र गंगवार ने बताया कि जिले की पलेरा तहसील के मवई इतायली सड़क पर बुधवार की रात करीब 11 बजे एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गया। इस घटना में वाहन में सवार 10 लोग घायल हो गए, जिनमें तीन लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। इस घटना में इस घटना मे बलराम कुशवाहा 55 वर्ष, बालकृष्ण 18 वर्ष, सचिन कुशवाहा 14 वर्ष, सुंदर कुशवाहा 22 वर्ष, जयराम कुशवाहा 35 वर्ष, रामगोपाल मिश्रा 50 वर्ष, नंदकिशोर मिश्रा 45 वर्ष, नंदू कुशवाहा 20 बर्ष, नीरज मिश्रा 25 वर्ष सहित अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर दो एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। एंबुलेंस के ईएमटी भागवत अहिरवार, शर्मा, पायलट सुनील कुमार, राहुल कुमार ने घायल महिलाओं का प्राथमिक उपचार किया और पलेरा अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। इन घायलों में तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल रिफर किया गया। बताया जा रहा है कि तहसील



पलेरा के पाली गांव से 14 लोग बुढ़िया बिजावर गांव में शादी पक्की करने के लिए पिकअप वाहन से गए थे। वहां से वापिस लौटते समय रात करीब 11 बजे ग्राम मवई व इतायली सड़क पर लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया, जिसमें 10 लोग घायल हो गए।

# टीकमगढ़ तक पहुंची फर्जी कॉल सेंटर की आंच, आरोपी को बचाने दी थी 5 लाख की रिश्वत

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भोपाल के फर्जी कॉल सेंटर मामले में एक नया मोड़ आया है। पार्षद अंशुल जैन पर आरोपी को बचाने के लिए पुलिस को रिश्वत देने का मामला सामने आया है। ऐशबाग थाना पुलिस ने पार्षद अंशुल जैन के साथ टीआई जितेंद्र गढ़वाल, पवन रघुवंशी और प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र के खिलाफभ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

मामले की जानकारी के अनुसार फर्जी कॉल सेंटर के मुख्य आरोपी अफ्जल खान के साले मुईन खान को गिरफ्तार करने भोपाल पुलिस की टीम टीकमगढ़ पहुंची थी। मुईन अपने घर से फरार मिला। इसके बाद उसे बचाने के लिए 25 लाख रुपए की डील हुई। पहली किश्त के रूप में 15 लाख रुपए देने की बात तय हुई। इसी के तहत पार्षद अंशुल जैन ने बुधवार (5 मार्च) पुलिस को 5 लाख रुपए की रिश्वत दी। यह पूरा घटनाक्रम तत्कालीन टीआई जितेंद्र गढ़वाल की जानकारी में हुआ। मुख्य आरोपी अफ्जल खान को एक दिन पहले बुधवार को पुलिस टीमकगढ़ लाई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि मुईन के दो करीबी रिश्वत की रकम लेकर भोपाल गए थे। इनमें से एक पार्षद अंशुल जैन थे। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। इस मामले की जांच के लिए भोपाल पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया है।

# राशन दुकान से गेहूं और चावल की कालाबाजारी, विक्रेता पर एफआईआर

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की मोहनगढ़ तहसील में गुरुवार को एक राशन दुकान संचालक पर खाद्यान्न की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। बहादुरपुर ग्राम पंचायत में स्थित राशन दुकान के संचालक जानकी शरण दांगी के खिलाफ गुरुवार को एफआईआर दर्ज की गई है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद मोहनगढ़ तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर और खाद्य आपूर्ति अधिकारी ललित मेहरा ने दुकान की जांच की। जांच के दौरान दुकान संचालक ताला लगाकर फरार हो गया। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जतारा ललित मेहरा के अनुसार, दुकान संचालक ने 402.22 क्विंटल गेहूं और 336.20 क्विंटल चावल की कालाबाजारी की। इसके अलावा 2.41 क्विंटल शक्कर, 11.81 क्विंटल नमक और 55 किलोग्राम मूंग की भी कालाबाजारी का मामला सामने आया है। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी गई। कलेक्टर के निर्देश पर मोहनगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। प्रधान आरक्षक राजेश कुमार ने बताया कि दुकान संचालक के खिलाफआवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



# मंत्री प्रहलाद पटेल के पुतले को लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं में खींचतान, आधा पुतला जलाया

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के भिखारी वाले बयान के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर कार्यकर्ता गांधी चौराहा पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने मंत्री के खिलाफनारेबाजी की। जब वे पुतला जलाने की कोशिश कर रहे थे, तब कोतवाली थाना पुलिस ने उनसे पुतला छीनने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों पक्षों में हल्की झूमाझटकी हुई। पुलिस आधा पुतला ही छीन पाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बचे हुए आधे पुतले को जला दिया। कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि आने वाले दिनों में किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता विधानसभा का घेराव करेंगे। प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष इसरार मोहम्मद, कार्यकारी जिला अध्यक्ष



गौरव शर्मा, जितेंद्र जैन, प्रदेश प्रवक्ता अवनीश बुंदेला समेत कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

# युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 वर्षीय युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जिसमें पीड़िता के द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया था। बल्देवगढ़ थाना प्रभारी के द्वारा तत्काल मामला संज्ञान में लेते हुए छेड़छाड़ करने वाले आरोपी ध्रुव दीक्षित पुत्र काशीराम दीक्षित उम्र 26 वर्ष निवासी दीक्षित मोहल्ला अहार को गिरफ्तार किया साथ ही मामला दर्ज किया गया है। घटना 3 मार्च की बताई जा रही है, जब 18 वर्षीय पीड़िता अपनी दो बहनों के साथ रखैला हार के पास जा रही थी, तभी आरोपी के द्वारा पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की गई। पीड़िता के साथ उसकी 2 बहनों ने 4 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर शिकायत की थी। उसके बाद बल्देवगढ़ पुलिस थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# अफीम की खेती से जुड़े मामले में बड़े लोगों को छोड़, गरीब किसानों पर पुलिस ने कर दी कार्यवाहीः किरण

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के जतारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुहारा में अवैध अफ़ीम की खेती पर की गई। पुलिस कार्यवाही पर कांग्रेस की प्रदेश महासहिव किरण अहिरवार ने सवाल उठा दिए हैं। उन्होंने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री सहित पुलिस महानिदेशक से कर दी है। प्रदेश महासहिव किरण अहिरवार ने बताया कि 10 करोड़ से ज्यादा की अफ़ीम को मात्र दो करोड़ दर्शाया गया है। वहीं 5 बीघा को पुलिस ने अपनी कार्यवाही में ३ बीघा बता



दिया। वहीं पुलिस ने वाह वाही लूटने के चक्कर में गरीब किसानों पर मामला दर्ज कर लिया और बड़े लोगों को बचा लिया। उन्होंने पूरी पुलिसिया कार्यवाही पर कई सवालिया निशान खड़े करते हुए कहा कि कोई गरीब किसान कैसे बटाई पर ली गई जमीन पर इतने बड़े पैमाने पर अफ़ीम की खेती कर सकता है। अफ़ीम की खेती करने की बागडोर बड़े लोगों ने थाम रखी थी। इसी के चलते बड़े मगरमच्छों को छोड़कर पुलिस ने अपनी खानापूर्ति कर ली है।

# प्रकरणों के निराकरण के लिये जिले में 28 खण्डपीठों का किया गठन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत का प्रारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रवीणा व्यास द्वारा एडीआर भवन न्यायालय में प्रात: 10:30 बजे किया जायेगा।



नेशनल लोक अदालत में न्यायालय के राजीनामा योग्य लंबित प्रकरणों का अधिक संख्या में निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में न्यायालय में राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं बैंक, नगर पालिका, विद्युत विभाग के लगभग प्रीलिटीगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए सम्पूर्ण जिले में कुल 28 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिसमें मुख्यालय पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रवीणा व्यास की खण्डपीठ सहित 13 न्यायिक तथा एक पुलिस परामर्श केन्द्र की खण्डपीठों का गठन किया गया। इसी प्रकार सिविल न्यायालय जतारा की 5 न्यायिक खण्डपीठ, सिविल न्यायालय निवाड़ी की 5 न्यायिक खण्डपीठ एवं एक पुलिस परामर्श केन्द्र निवाड़ी की खण्डपीठ तथा सिविल न्यायालय ओरछा की 2 न्यायिक खण्डपीठ का गठन किया गया। गठित खण्डपीठों के माध्यम से न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक शमनीय मामले, चैक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर दावा अधिकरण संबंधी मामले, विद्युत विवाद के प्रकरण, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद संबंधी प्रकरण, भू-अधिग्रहण संबंधी प्रकरण एवं समस्त प्रकार के सिविल प्रकरणों के साथ ही बैंक रिकवरी, नगर पालिका, जलकर, विद्युत संबंधी प्रीलिटीगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जाना है। प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्रीमती सुनीता गोयल द्वारा सामान्यजन से अपील की गई कि इच्छुक पक्षकार स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आयोजित नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक संख्या में अपने-अपने प्रकरणों का निराकरण कराकर लाभ उठायें।

### भाजपा समर्पण निधि को लेकर बैठक संपन्न

# भाजपा का कार्यकर्ता अपनी इच्छाशक्ति, मेहनत के परिणाम स्वरूप पार्टी को शिखर तक ले जाता है : रविंद्र सिंह चौहान

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आज स्थानीय भाजपा कार्यालय में भाजपा की महत्वपूर्ण समर्पण निधि की बैठक संपन्न हुई। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के आजीवन सहयोग निधि के तहत चल रहे समर्पण निधि कार्यक्रम की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय भाजपा कार्यालय में जिला प्रभारी भाजपा रविंद्र सिंह चौहान व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ भाजपाई नेता आशुतोष भट्ट, पूरनचंद्र लोधी, अभिषेक खरे रानू, जन्मेजय तिवारी, इंजी अभय प्रताप सिंह यादव, नरेश तिवारी , अंशुल व्यास आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रही। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत ने कहा कि समर्पण निधि कार्यक्रम के तहत मंडल स्तरों पर अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं द्वारा टारगेट के अनुसार लक्ष्य प्राप्त किया जा रहा है। जिसमें बुडेरा मंडल में मंडल अध्यक्ष श्रीमती रामा रजक ने पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश गौतम व सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अपना तय सीमा में टारगेट पूरा किया है, जो सम्मान और बधाई के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि समय- समय पर कार्यकर्ताओं द्वारा आजीवन सहयोग निधि के द्वारा पार्टी के कामकाज सहयोग के लिए राशि प्रदान की जाती है। इस बार मंडल स्तर पर समर्पण निधि कार्यक्रम में युवाओं ने भी बढ़ चढ़कर उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया है। सभी इस बार अपने टारगेट अनुसार तय सीमा में मंडल स्तर पर अपना लक्ष्य प्राप्त कर रहे है। संगठन



में कार्यकर्ता का अपना महत्व होता है, जो पार्टी की रीढ़ की हड्डी के रूप में समय-समय पर अपना बल देकर संगठन को सबल बनाते हुए शीर्ष पर पहुंचाता है। कार्यकर्ताओं के द्वारा ही प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की जनहित कारी योजनाए पहुंच पाती है। मेरे कार्यक्षेत्र में कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि है। भाजपा जिला प्रभारी रविंद्र सिंह चौहान ने कहा कि जिले की कामकाजी बैठक में समर्पण निधि के तहत चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा हुई। जिसमें मंडल स्तर व जिला स्तर पर कामकाज चल रहा है, जो सफलता पूर्वक पूर्ण होने की अंतिम रूप में हैं। जिला संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, जो बूथ स्तर पर जीत सुनिश्चित करता है। उसका प्रत्येक कार्यकर्ता देवतुल्य के समान है, जो अपनी इच्छा शक्ति-मेहनत के सफल परिणाम स्वरूप देशहित में योगदान देता है।

# कलेक्टर को स्कूल के सामने मिला अतिक्रमण

## बोले-तत्काल हटाओ

**भोपाल,देशबन्धु।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह बुधवार को बैरसिया क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल की बिल्डिंग देखीं और कृषि उपज मंडी में भी निरीक्षण करने पहुंचे।

कलेक्टर सिंह को सीएम राइज स्कूल के निरीक्षण के दौरान स्कूल की बाउंड्रीवॉल और उसके गेट के सामने अतिक्रमण दिखा । बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा को निर्देश दिए कि स्कूल के सामने का अतिक्रमण हटाया जाए। वहीं, निर्माण एजेंसी मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के साइट इंजीनियर को स्कूल के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने एवं निर्धारित समयावधि में काम पूरा करने को कहा। कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी बैरसिया का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने ई-मंडी के कार्यों का स्वयं पोर्टल पर परीक्षण किया। उन्होंने आगामी उपार्जन कार्यों के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए एसडीएम को निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसील बैरसिया में संपादित होने वाले राजस्व कार्यों का परीक्षण करते हुए एसडीएम को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री, आरओआर एंट्री, सीएम हेल्पलाइन सहित सभी कार्यों में एक सप्ताह के भीतर उल्लेखनीय प्रगति का लक्ष्य प्राप्त किया जाए। उन्होंने एसडीएम से



कहा कि बैरसिया की मुख्य सड़कों से एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाया जाए। साथ ही, एसडीएम एवं तहसील कार्यालय बैरसिया के साथ-साथ शहर की प्रमुख सड़कों को नगरीय निकाय के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त कर सौंदर्यीकरण किया जाए। इस दौरान में एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा, मंडी सचिव सुनील एवं सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य एचएन मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# 12वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल,देशबन्धु।** केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक में पढ़ने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया गया है कि वह लगातार अकाउंट्स विषय में फेल हो रही थी। इसे लेकर तनाव में थी। वहीं वार्षिक परीक्षा में भी उसे फेल होने की आशंका थी। इसी कारण चिड़चिड़ी हो चुकी थी।

निशातपुरा पुलिस के मुताबिक, नोशीन जाफरी पिता सबी हसन जाफरी उम्र 19 वर्ष प्रीमीयम ऑर्चिड कॉलोनी करोंद केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक में 12वीं कक्षा की छात्रा थी। उसके पिता रेलवे में लोको पायलट हैं। मंगलवार शाम को परिवार के सभी लोग दो छोटी बहन और मां-पिता घर के भूतल पर रोजा खोलने के इंतजार में थे। रोजा इफ्तार के लिए नोशीन को छोटी बहन पहले माले के कमरे में बुलाने पहुंची थी। जहां कमरा अंदर से बंद था। काफी आवाजें देने पर भी दरवाजा नहीं खुला। तब मां -पिता को आवाज देकर बुलाया। किसी तरह से पिता ने दरवाजा खोलकर कमरे में प्रवेश किया, जहां नोशीन का शव फंदे पर लटका था। शव उतारकर उसे पास के अस्पातल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

इस मामले की जांच कर रहे एसआई हरीशंकर के मुताबिक, शुरुआती जांच में परिजनों ने बताया कि नोशीन ने पिछले साल 0 12वीं कक्षा का परिणाम बिगडने के बाद पुन: उसी कक्षा की पढाई की थी। लेकिन इस वर्ष भी प्रथम तिमाही से लेकर प्री बोर्ड तक उसका अकाउंट्स का परिणाम बिगड़ता आ रहा था। इसी से वह तनाव में रहती थी। हालांकि छात्रा ने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# 40 लीटर अवैध शराब पुलिस ने की जब्त

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 40 लीटर कीमती 9650 जब्त कर 8 आरोपियों के विरुद्ध आवकारी अधिनियम में हुए प्रकरण कायम की। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा अवैध मादक, नशीले पदार्थों पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए अभियान चलाया गया। जिसमें एएसपी सीताराम एवं एसडीओपी राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा गत दिवस मुखबिर सूचनाओं पर तस्दीक कर 08 आरोपियों से 40 लीटर अवैध शराब कीमती 9650 की जप्त कर आवकारी एक्ट में प्रकरण पंजीबध कर विवेचना में लिया गया।

# बस स्टैंड से हटाया अवैध अतिक्रमण



दमोह, देशबन्धु। जबेरा नगर स्थित बस स्टैंड पर जनपद पंचायत द्वारा मार्केट बनाया गया था जिसकी दुकानों की नीलामी भी पूर्ण हो चुकी थी परंतु बस स्टैंड पर बना हुआ पुराना जर्जर अवस्था में यात्री प्रतीक्षालय व उसके आसपास टप व ठेला बालों द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया था। जिसकी शिकायत लगातार बस स्टैंड व्यापारियों द्वारा एसडीएम तहसीलदार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी से की जा रही थी। कुछ दिन पूर्व एसडीएम सौरभ गंधर्व व मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामेश्वर पटेल से इसकी शिकायत की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सौरव गंधर्व ने तहसीलदार सोनम पांडे को अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया था जिस पर गुरुवार को नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा व जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल, आरआई, पटवारी व पुलिस स्टाफके साथ बस स्टैंड पर पहुंचे व जेसीबी की मदद से जर्जर अवस्था का पुराना राज्य परिवहन का यात्री प्रतीक्षालय व आसपास के टप,हाथ ठेला वालों को हटाते हुए अतिक्रमण मुक्त किया गया।

इसके उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामेश्वर पटेल ने बताया कि यहां पर मार्केट का अच्छा मार्केट होगा व लोगों की मांग के आधार पर सौंदरीकरण का कार्य भी किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में आरआई अंगद सिंह कुशराम,पटवारी शिव कुमार राय,तरुण चौरसिया,मोहिनी अहिरवाल, शैलेंद्र सिंह, एएस आई अशोक सिंह,प्रधान आरक्षक संतोष खरे, रणमत सिंह, सहित पुलिस स्टाप व कोटवार की मौजूदगी रही।

## ईको क्लब ने किया प्रदर्शनी का आयोजन, छात्र बना कर लाए अलग अलग प्रकार के मॉडल



**दमोह, देशबन्धु।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ईको क्लब के अंतर्गत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि एवं ज्यूरी मेंबर डॉ. रश्मि जैन (रिटायर्ड प्रोफेसर, रसायन शास्त्र) एवं डॉ.शमा जेपी खानम (प्राचार्य, ओजस्विनी उत्कृष्टता महाविद्यालय) थी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाना था। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ पीके जैन के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुए। कार्यक्रम में चलित एवं अचलित विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, डीईएफकक्ष में लगाया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत ने ईको क्लब के उद्देश्य को पढ़ा एवम् शपथ कराया, विशिष्ट अथिति डॉ. जैन द्वारा पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हेतु छात्र छात्राओं को अपना वक्तव्य दिए गए। चलित मॉडल के परिणाम में अंकित मुंडा प्रथम, देवी पटेल द्वितीय, मानवी मिश्रा तृतीय तथा नॉनवर्किंग मॉडल में राजकुमारी लोधी प्रथम, दीक्षा अहिरवार द्वितीय, रुचि विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. उषा सोनी, डॉ. संध्या पिंपलापुरे, डॉ.निहारिका चौरसिया, डॉ एन आर सुमन,डॉ. मंगल सिंह, धीरज जॉनसन, दुर्गा अहिरवार, रामगोपाल तंतुवाय, डॉ सिकंदर दुलगच, आर एस साकेत, डॉ मुनमुन सेन,आशा अहिरवार, प्रह्लाद सिंह ठाकुर, जागेश्वर रजक, घसीटा रैकवार सहित छात्र- छात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एन पी कुमार तथा आभार डॉ. ऋषिभा दीक्षित द्वारा किया गया।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई



**दमोह, देशबन्धु।** दमोह क्षेत्र अंतर्गत कार का ब्रेक फेल हो जाने से हादसे में एक की मौत और तीन लोग घायल हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार किशोर छोटू यादव ने बताया कि वे सभी कुम्हारी से दलपतपुर में बुआ के बेटे की शादी में जा रहे थे। रास्ते में कार के ब्रेक फेल होने से यह हादसा हुआ। पुलिस ने मृतक लखन यादव के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं घायलों में देवराज राजपूत (25) और देवेंद्र साहू (25) की हालत गंभीर है। दोनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। तीसरे घायल शिवा चौहान (20) का इलाज दमोह जिला अस्पताल में चल रहा है। सभी कुम्हारी के रहने वाले हैं।

## हार्वेस्टर ने एक बाइक सवार को कुचल मौत



**दमोह, देशबन्धु।** जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र के केरबना चौकी के पास सेहरा खड़ेरी मार्ग पर हार्वेस्टर ने एक बाइक सवार को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार केरबना निवासी इमरत सिंह लोधी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई मुन्ना लोधी ने बताया कि घटना गुरुवार दोपहर की है। इमरत बाइक से गांव जा रहे थे। सेहरा और खड़ेरी के बीच सामने से आ रहे हार्वेस्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें कुचल दिया। घटना की सूचना मिलते ही बटियागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तब तक हार्वेस्टर चालक मौके से फरार हो चुका था। पुलिस ने हार्वेस्टर को जब्त कर लिया है। आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में शव का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

## मड़ियादो मण्डल में किसानों की फार्मर आई डी बनाने का काम तेजी पर



दमोह, देशबन्धु। हटा ब्लाक के मड़ियादो मण्डल में किसानों की फार्मर आई डी और अन्य कार्यो के लिए राजस्व अमले द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है।

नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार के नेतृत्व मे राजस्व अमले ने मड़ियादो, अमझिर, नारायणपुरा, रजपुरा आदि गांवों में लोगो के घर-घर पहुंचकर फार्मर आई.डी., ई-के.वाय.सी. और अन्य राजस्व कार्य पूर्ण किये। नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने बताया की शासन की मंशानुरूप कलेक्टर श्री सुधीर कोचर के सतत् निर्देशन और अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम के मार्गदर्शन में लगातार निरीक्षण कर किसानों के सभी कार्य होना सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि शासकीय योजनाओं का लाभ किसानों को मिल सके। राजस्व अमला पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है।

### दहेज में जिला सामान लेकर लौट रहा था मिनी ट्रक

## सड़क हादसे में नाई की मौत, आधा दर्जन घायल

**दमोह/तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** जिले के तेंदुखेडा थाने अंतर्गत सहजपूर और इमलीडोल के बीच बुधवार की रात बारात से लौट रहा 407 वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें नाई की मौत हो गई और करीब आधा दर्जन बाराती घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। तीन की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया जिसमें एक महिला की हालत नाजुक बनी है। घटना के समय वाहन में दर्जनों बाराती सवार थे। मिनी ट्रक में दहेज की सामग्री भरी थी। उतार होने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और पलट गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह महगवा खुर्द गांव से एक आदिवासी परिवार की बारात इमलीडोल गांव गई थी। विवाह होने के बाद बारात पहले लौट आई और 407 वाहन से दहेज लाया जा रहा था। रास्ते में उतार होने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। बारात में नाई का कार्य करने वाले सुरेश पिता शंकर सेन की मौत हो गई जिसका पोस्टमार्टम गुरुवार सुबह तेंदूखेड़ा में हुआ। मृतक के परिजनो ने बताया कि आदिवासी समाज की बारात महगवा खुर्द से इमलीडोल गई थी। सुरेश गांव में नाईगिरी का काम करता था वह बारात में गया था। रात्रि में दहेज के वाहन पर सवार होकर आ रहा था जो बीच रास्ते में पलट गया और सुरेश की मौत हो गई। परिजनों की मौजूदगी में एएसआई गजराज ठाकुर ने पंचनामा कार्यवाही की और मृतक का पोस्टमार्टम करने के बाद शब परिजनों को सौंप दिया।

तेंदूखेडा सीबीएमओ डॉक्टर आर आर बागरी ने बताया कि रात्रि में 108 की मदद से छह लोगों को गंभीर हालत में लाया गया था। जिसमें एक मृतक अवस्था में आया है मृतक का नाम सुरेश पिता शंकर सेन 36 वर्ष के लगभग है। जिन तीन को रिफर किया गया है उसमें कल्लनबाई आदिवासी, देवीसीग आदिवासी और एक अन्य है। देवी आदिवासी और कल्लन बाई की हालत रात्रि में ही नाजुक थी उनके सिर में ज्यादा चोट थी मृतक का पोस्टमार्टम करके पुलिस के माध्यम से परिजनो को दिया गया है। गाड़ी का नौ मालिक नाम उच 34 ह 0506 गाड़ी न है बीमा न है वाहन चालक लाइसेंस इस संबंध जानकारी लेने पर विश्वास सूत्रों से पता चला कि नहीं ही गाड़ी का बीमा है नहीं वाहन चालक के पास लाइसेंस नहीं गाड़ी के कागज है।

**दलाल हुए सक्रिय :** सूत्रों का कहना कि कुछ दलाल गाड़ी की नंबर प्लेट बदलवाने की कोशिश पुलिस से कर रहा था ज्ञात हो कि इसके पूर्व 2 दर्जनों से अधिक दुर्घटनाओं के मामले वाहनों को बदलवा चुका है इस घटना में भी वाहन बादलता है तो पुलिस की मिली भगत होगी।

### इनका कहना है

मर्ग और मामला कायम कर जांच में लिया जांच में जो सामने आएगा उस आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

**विजय अहिरवार** टी आई तेंदूखेड़ा।

## करकोई गांव में काष्ठ लाभांश की राशि से सामग्री वितरण कार्यक्रम संपन्न



**दमोह, देशबन्धु।** हटा वनपरिक्षेत्र के आदिवासी अंचल करकोई गांव में वन विभाग द्वारा काष्ठ लाभांश की राशि से ग्राम वन समितियों को सामग्री वितरण का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि हटा विधायक उमादेवी खटीक ने सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हटा वनपरिक्षेत्र की ग्राम वन समिति करकोई अंतर्गत करकोई और तालगांव के 50 स्कूली छात्र-छात्राओं को हटा विधायक श्रीमती खटीक और जनप्रतिनिधियों द्वारा स्कूल बैग प्रदान किये गए।

इसके अलावा रजपुरा, सिलापरी और करकोई ग्राम वन समितियों को भोजन बनाने वाले बर्तन प्रदान किए गए। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने बच्चों से संवाद कर शैक्षणिक जानकारी ली और उन्हें शिक्षा का ज्ञान देकर लगातार स्कूल आने और विद्या ग्रहण करने के लिये कहा। साथ ही ग्रामीणों से भी बच्चो को स्कूल भेजने और शिक्षित बनाने के लिये कहा। हटा विधायक ने ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के लाभ मिलने की भी बात पूछी। उन्होंने हटा अनुविभागीय अधिकारी राकेश मरकाम से फोन पर चर्चा कर करकोई में शिविर आयोजित करने की आवश्यकता बताई, ताकि लोगो के आधार, समग्र और अन्य कार्य हो सकें।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अमझिर की सरपंच रेवारानी आदिवासी, वन प्रतिनिधि राजा खान, प्रतिनिधि रामकृष्ण सूखा नामदेव, वन परिक्षेत्र अधिकारी हटा ऋषि तिवारी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जे पी दुबे, सी एल अहिरवार, हरीश तंतवाय, विपिन चौरसिया, बफाति खान, अरमान खान, कोमल सिह राजपूत, राममणि गर्ग, अजीम खान, संतोष खरे और स्टाफकी उपस्थिति रही।

## शहर के बीचों-बीच से गुजर रहे भूसे से भरे ट्राला, यातायात बाधित



**गुना, देशबन्धु।** जिला प्रशासन ने सुबह से लेकर रात शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया है। लेकिन भूसे से भरे बड़े-बड़े ट्राला कृषि कार्य की आड़ में शहर में यातायात व्यवस्था को पलीता लगा रहे हैं। गुना के प्रमुख चौराहों और मार्गो से गुजर रहे भूसे के भारी-भरकम ट्राला पर पुलिस कार्रवाई भी नहीं कर पा रही है।

गुरुवार को शहर में ऐसा ही एक नजारा देखने को मिला। दरअसल, सबसे अधिक व्यस्त रहने वाले जयस्तम्भ चौराहे से गुरुवार दोपहर भूसे से लदे बड़े ट्राला को लेकर एक ट्रैक्टर गुजरा तो आसपास चलने वाले वाहन चालक परेशान हो गए। ट्राला में भूसा काफी ऊंचाई तक भरा हुआ था। जिसकी वजह से सड़कों पर भूसा फैलता दिखाई दिया। कुछ लोगों की आंखों में भूसे के तिनके चले, जिसकी वजह से उन्हें परेशान का सामना करना पड़ा। जिस समय यह ट्राला चौराहे से गुजर रहा था, ठीक उसी समय चौराहे के दूसरे छोर पर यातायात पुलिस भी बेबस होकर इस नजारे को देखते रही। भूसे का ट्राला इसी तरह लोगों को परेशान करता हुआ हनुमान चौराहे की तरफ निकल गया।

कई वाहन चालकों ने इतने भारी-भरकम ट्राला को शहर के बीचों-बीच से गुजरने पर नाराजगी भी जाहिर की। लोगों का कहना था कि भूसे का परिवहन दिन के समय हानिकारक हो सकता है। ट्राला से उड़ रहा भूसा किसी भी दोपहिया वाहन चालक के साथ दुर्घटना को अंजाम दे सकता है। वहीं यातायात पुलिस को भी यह देखना चाहिए कि ओवरलोड भूसे के ट्राला आखिर शहर के बीचों-बीच से कैसे और क्यों गुजर रहे हैं। यह पहला मौका नहीं था जब भूसे के ट्राला शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते देखे गए। लगभग रोजाना इस तरह का नजारा बड़े पुल से नानाखेड़ी, हनुमान चौराहा और अशोकनगर की ओर जाने वाले रास्तों पर देखा जा सकता है।

## हिनौता, रनेह क्षेत्र में एसडीएम और तहसीलदार ने राजस्व अभियान का जायजा लिया




**दमोह, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम और हटा तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी ने हटा तहसील के हिनौता, रनेह, पिपरिया किरन आदि गांवों पहुंचकर राजस्व अभियान का जायजा लिया, अधिकारियों ने यहां अमले से किसानों की फार्मर आई.डी. ई.-के.वाय.सी. आदि कार्यो की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि किसानों का कार्य समय सीमा में पूर्ण हो ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ समय से मिलता रहे।

## सीसीटीवी रिकॉर्ड से पकड़ा गया मंदिर में चोरी का आरोपी

**गुना, देशबन्धु।** विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोलुआ पठार में मंदिर से दानपेटी चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी चोर गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोलुआ पठार स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दानपेटी चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट मंदिर के पुजारी रामचरण महाराज द्वारा विजयपुर थाने पर दर्ज कराई गई थी।

## प्रशासन, मंडी, व्यापारियों के साथ किसान संगठनों की बैठक संपन्न



**दमोह, देशबन्धु।** सरकार किसानों को लाभ दिलाने के लिये लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में अब किसानों को एक नई सौगात मिलने जा रही है, उनको अपने कृषि उत्पाद गेंहू का विक्रय करने के लिये दमोह कृषि उपज मंडी में बेहतर व्यवस्थायें प्रदान करने के लिये कार्य प्रारंभ हो चुका है।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर दमोह अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं कृषि उपज मंडी के भार साधक आर.एल. बागरी ने कृषि उपज मंडी दमोह के सभाकक्ष में एक बैठक के दौरान शासन-प्रशासन की मंशा को व्यापारियों एवं किसान संगठनों के सामने रखते हुये उनसे चर्चा की। उन्होने बेहतर कार्य के लिये सुझाव भी मांगे तथा उन पर अमल करने के लिये संबधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिये। बैठक में व्यापारियों की ओर से नरेन्द्र बजाज ने कहा मंडी में आवक और जावक की पंजी का संधारण होना चाहिये, जिसमें प्रतिदिन कितना माल आया और गया उसका उल्लेख किया जाये। पल्लेदार की संख्या बढ़ाने एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर हरिश्चन्द्र पटेल ने कहा किसान अपना गेंहू लेकर आयें इसके लिये उनको जो सुविधा निर्धारित की है, वह सभी दिलायी जायेगी। दमोह अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं कृषि उपज मंडी के भार साधक आर.एल. बागरी ने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी किसानों को नहीं होना चाहिये, इसकी जबाबदारी कृषि उपज मंडी के सचिव एवं उनके कर्मचारियों की है। उन्होंने कहा रजिस्टर्ड पल्लेदार ही यहां कार्य करेंगे, नाबालिग एवं महिलायें पल्लेदारी या अन्य कार्य नहीं करेंगे।

अगर ऐसा पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। एस.डी.एम. श्री बागरी ने जिले के सभी किसानों को दमोह कृषि उपज मंडी में गेंहू विक्रय के लिये आने की अपील करते हुये कहा कि प्रशासन एवं मंडी आपको बेहतर सुविधायें प्रदान करेगा। बैठक में मंडी सचिव घनश्याम प्रसाद मुडा, नीलामी प्रभारी सुनील मिश्रा, सी.डी. गुरू के साथ बडी संख्या में थोक अनाज व्यापारियों की उपस्थिति रही।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**केन्द्रीय करों में राज्यों की....** हैं। लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना ही केन्द्र और राज्य सरकारों का लक्ष्य है। केन्द्र और राज्यों के बेहतर तालमेल और आपसी सामंजस्य से यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आयोग के राज्य के दीर्घकालिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता का जिक्र कर वित्त आयोग से प्रदेश की अपेक्षाओं से भी अवगत कराया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सर्वाधिक प्रगतिशील राज्य है। प्रदेश कृषि, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, पर्यटन, नगरीय विकास और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में और अधिक विकास के लिए केन्द्र सरकार से और अधिक वित्तीय सहयोग/अनुदान की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में मध्यप्रदेश को भी योगदान देना है। हम विकसित मध्यप्रदेश का संकल्प पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभी हमारा बजट करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रूपए है। अगले पांच सालों में हम इस बजट को बढ़ाकर दोगुना कर देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगले तीन सालों में 30 लाख किसानों को सोलर पम्प दिये जायेंगे। इससे हमारे किसान अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता भी बनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को मात्र पांच रूपए में बिजली का स्थाई कनेक्शन देने जा रही है, इससे हमारे किसानों को बिजली कनेक्शन के लिए कहीं भी भटकना नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्त आयोग को मध्यप्रदेश में बीते एक वर्ष में किए गए नवाचारों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने एयर एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की है। इससे बीते एक साल में कई गंभीर मरीजों को एयरलिफ्ट कर बड़े अस्पतालों तक पहुंचाकर उनका जीवन बचाया गया। हमारी इस सेवा को बेहद अच्छा प्रतिसाद मिला है।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के 2047 विकसित भारत के विजन के अनुसार विकसित मध्यप्रदेश का रोडमैप तैयार किया है। पांच सालाना कार्य योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण मिशन, युवा कल्याण मिशन, किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अगले 25 सालों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए शहरीकरण के साथ-साथ औदयोगीकरण पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। उन्होंने क्षेत्रीय निवेश सम्मेलनों और हाल में संपन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का हवाला देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए लगातार फॉलो-अप किया जा रहा है। 16वीं वित्त आयोग की बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला सहित मंत्रिमण्डल के सभी सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी ने मध्यप्रदेश की समग्र वित्तीय परिदृश्य पर प्रेजेंटेशन दिया। अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ला ने नगरीय प्रशासन और नगरीय निकायों की भविष्य की वित्तीय आवश्यकताओं और योजनाओं की चर्चा की। प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी ने पंचायतों के वित्तीय प्रबंधन और अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकताओं की चर्चा की। अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने पर्यटन एवं संस्कृति में अपने प्रस्तुतिकरण में कहा कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन की नई संभावनाएं बनी है।

इसके अलावा हेरिटेज, फिल्म पर्यटन जैसे नये क्षेत्र भी सामने आये है। नई नीतियों के तहत इनमें निवेशक, निवेश के लिये आकर्षित हुए है। प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने नये मध्यप्रदेश के विजन की चर्चा करते हुए कहा कि औदयोगीकरण पर विशेष ध्यान देने और विदेशी पूंजी निवेश, एआई, साइबर प्रशासन जैसे नये क्षेत्रों के आने से नया मध्यप्रदेश बन रहा है। प्रमुख सचिव मनु श्रीवास्तव ने ऊर्जा क्षेत्र के संबंध में बताय कि 15वें वित्त आयोग के लक्ष्यों को पूरा कर लिया गया है। अब हाइब्रिड स्टोरेज पर ध्यान दिया जा रहा है। किसानों को भरपूर बिजली देने की व्यवस्था कर ली गई है। मध्यप्रदेश देश में सबसे सस्ती दर पर सोलर ऊर्जा उत्पादन करने वाला राज्य है।

**प्रदेश बन सकता है....** राजस्व आधिक्य वाला राज्य बना है। मध्यप्रदेश के पन्द्रहवें वित्त आयोग के भी सभी लक्ष्यों को हासिल कर लिया है। उन्होने कहा कि देश के लिए मध्यप्रदेश का जल, जंगल और जमीन जैसे संसाधनों की रक्षा करना जरूरी है।

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने 16 वें वित?त आयोग के अध?यक्ष, सदस?यों तथा अधिकारियों स्वागत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश अपने वित?तीय संसाधनों का पूरी क्षमता और कुशलता से संचालन कर रहा है। कोविड-19 महामारी के बावजूद हमने अपनी अर्थव्यवस्था को संतुलित बनाए रखा। वर्ष 2004-05 से निरंतर राजस्व अधिशेष बनाए रखा। इस राजस?व अधिशेष और ऋण को हमने उत्पादक पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण में उपयोग किया।

**बैतूल में कोयला खदान धंसी....** वन खदान में कंट्यूनर माइनर मशीन चल रही थी। अधिकारी और वर्कर खदान में निरीक्षण के लिए उतरे थे। कोयला काटते समय अचानक खदान की छत गिर गई। जिस सेक्शन में हादसा हुआ वह जॉय माइनिंग सर्विस का है। इसमें ऑस्ट्रेलियाई मशीन लगी है। कंपनी कोलकाता की है। भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि 2 फुट मोटा और ढाई मीटर लंबा रूफ गिरा था, जिसमें यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि टीम मशीन से कोयला खुदाई के बाद तुरंत मौके पर चली गई थी। ये लोग बगैर सपोर्ट की छत के नीचे पहुंच गए थे। जहां यह हादसा हुआ।

**सरकारी एजेंट के रूप....** कि सूचना आयुक्त ने डिस्पैच रजिस्टर एवं पोस्टल डिपार्टमेंट के प्रमाण पत्र के बावजूद भी यह निष्कर्ष दिया की जानकारी 30 दिन के अंदर दी गई है, जो कि अवैध और याचिकाकर्ता को परेशान करने वाला है। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि याचिकाकर्ता को सूचना के अधिकार के तहत जानकारी तीस दिनों के अंदर उपलब्ध नहीं कराई गई थी। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किये।

**सुप्रीम कोर्ट ने उदयनिधि ने....** कर दिया था। 7 सितंबर को चेन्नई में एक इवेंट में उन्होंने कहा कि मैंने सनातन को लेकर वही बातें कहीं, जो पेरियार, अन्नादुराई और करुणानिधि भी कहते थे। मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया।

# 25 लाख रुपए का लोहे के सरिया को पुलिस ने किया बरामद



**सागर, देशबन्धु।** जिले की पुलिस ने 25 लाख रुपये का चोरी हुआ लोहे के सरिया को बरामद करते हुये एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। करीब 44 टन लोहा ट्रक ड्राईवर ने मिली भगत से उत्तर प्रदेश में बेच दिया था। पुलिस के मुताबिक थाना शाहगढ़ में 1 मार्च को आवेदक सौरभ गुप्ता पिता ओमप्रकाश गुप्ता उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम दिनारा, जिला शिवपुरी ने रिपोर्ट लेख कराई कि 27 फरवरी 25 को ट्रक क्र. यूपी 93 बीटी 5786 के चालक राम सिंह उर्फ दद्दा राजपूत निवासी ग्राम बसई, दतिया मप्र द्वारा ट्रक में लोड़ 42.99 टन सरिया लोहा कीमत करीब 25 लाख रुपये का रास्ते में कहीं खुर्द-बुर्द कर दिया है। जिसकी रिपोर्ट पर थाना शाहगढ में अपराध क्र. 49/ 2025 धारा 316 (2)बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल के निर्देश पर संपत्ति संबंधी अपराधों को दृष्टिगत रखते हुये अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव उइके के निर्देशन में एवं एसडीओपी बण्डा शिखा सोनी के नेतृत्व में घटना को अंजाम देने बाले आरोपी व मसरूका की तलाश हेतु थाना शाहगढ पुलिस को निर्देशित किया गया। दौरान तलाश विवेचना संदेह के आधार पर दीपक चौरसिया निवासी टीकमगढ़ से पूछताछ की गई। जिसने बताया कि ट्रक ड्राइवर रामसिंह उर्फ दद्दा के साथ मिलकर दोनो ने सरिया को मऊरानीपुर उत्तरप्रदेश के भूपेन्द्र यादव को बैचा दिया है। आरोपी दीपक चौरसिया के बताये अनुसार मऊरानीपुर उप्र मौके पर पहुंचकर भूपेन्द्र यादव की सरिया दुकान से मसरुका कुल कीमत करीब 25 लाख रुपये की बरामदगी की गई है। आरोपी दीपक चौरसिया को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण के अन्य दो आरोपी ट्रक ड्राइवर रामसिंह उर्फदद्दा यादव एवं भूपेन्द्र यादव घटना दिनांक से फरार हैं। गठित टीम में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप खरे, चौकी प्रभारी हीरापुर उपनिरीक्षक अरविंद सिंह ठाकुर, राजेन्द्र कुमार कुरेश, दिनेश साहू, प्रिंस जोशी, महेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र लोधी, लखन पटैल, संदीप, बॉबी, मनीषा एवं सायबर सेल सागर के सौरभ रैकवार व हेमेन्द्र सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एसडीएम ने राशन दुकान का किया निरीक्षण, दुकान मिली बंद

## दुकानदार और खाद्य अधिकारी को दिया नोटिस



**बीना, देशबन्धु।** राशन वितरण व्यवस्था की जांच के लिये एसडीएम विजय डेहरिया ने गुरुवार दोपहर रामपुर राशन दुकान का निरीक्षण किया। दुकान बंद मिलने पर दुकानदार शिवकांत तिवारी को बुलाया गया। एसडीएम ने रिकॉर्ड की जांच की। इसमें पाया गया कि अभी तक राशन का वितरण बिलकुल नहीं हुआ है। इस पर एसडीएम ने दुकानदार को फटकार लगाई और नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। बीना ब्लॉक का प्रभार राहतगढ़ के कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी गगन चौकसे के पास है। उन्हें पहले भी बीना का निरीक्षण करने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने निरीक्षण नहीं किया। इसके कारण राशन दुकानों से संबंधित शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। एसडीएम ने राशन दुकानदार के साथ-साथ कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी को भी नोटिस जारी किया है। क्षेत्र में राशन दुकानें समय पर नहीं खुल रही हैं और नियमित रूप से राशन का वितरण नहीं हो रहा है। लगातार शिकायतें मिलने के बावजूद खाद्य विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी।

# बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर में चल रहे भ्रष्टाचार को लेकर जिला युवा कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमराज पटेल एवं प्लांट मैनेजर जितेंद्र गहलोत के द्वारा दुग्ध संघ में नियम विरुद्ध श्रमिकों को पदोन्नति करने एवं उनके द्वारा फैलाये जा रहे भ्रष्टाचार, अनैतिक गतिविधियों के बारे में संभागीय कमिश्नर को पुन: ज्ञापन सौंप कर जांच करने की मांग की गई। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल चौबे ने बताया कि बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ में लगातार भ्रष्टाचार चल रहा है। 11 नवम्बर 2024 को भी संभागीय कमिश्नर को ज्ञापन सौंप कर भ्रष्टाचार के बारे में अवगत कराया गया था जिस पर संभागीय कमिश्नर ने जांच कराने की बात कही गई थी, लेकिन आज दिनांक तक किसी प्रकार की कोई भी जांच नहीं कराई गई। चौबे ने बताया है कि डॉ. अशोक कुमार खरे प्रभारी बुंदेलखंड सहकारी संघ ने पत्र क्र. 1293 दिनांक 2 अगस्त 2024 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखकर जितेन्द्र गहलोत द्वारा मनमानी एवं अनैतिक कार्य करने की बात कही गयी थी। लेकिन क्या कारण हैं, कि सहकारी दुग्ध संघ में लगातार चल रहे भ्रष्टाचार को अनदेखा किया जा रहा है। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी ने कहा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमराज पटेल द्वारा श्रम आयुक्त कार्यालय मप्र शासन इंदौर द्वारा कुशल एवं उच्च कुशल पद पर रखे जाने की निर्धारित गाइडलाइन के विपरीत पैसे लेकर श्रमिकों के नियम विरुद्ध तरीके से जो कुशल एवं उच्च कुशल पद की नियुक्तियां की गई है उन सभी श्रमिकों के शिक्षा संबंधी दस्तावेज सार्वजनिक किये जाने आवश्यक है। जिससे स्पष्ट हो सके सत्य क्या है। इस दौरान रिचा सिंह, नीलेश अहिरवार, धीरज वाल्मीकि, शुभम सोनी उपस्थित रहे।

## मंत्र एकेडमी ने फिर जोडे सफलता के नवीन आयाम

**सागर, देशबन्धु।** मप्र लोक सेवा आयोग 2025 के प्रारंभिक परीक्षा के परिणामों में एक बार पुन: सर्वाधिक चयन सिविल लाइन स्थित मंत्र एकेडमी ने दिये है। अब इस एकेडमी से सर्वाधिक छात्र मुख्य परीक्षा 2025 में 9 जून 2014 तक सम्मिलित होगे। मंत्र एकेडमी के डायरेक्टर शैलेन्द्र तिवारी ने बताया कि शासन ने आज ही सब इंस्पेक्टर के 500 पद स्वीकृत किये है। एकेडमी ने संकल्प लिया है कि इस बार सागर से सबसे ज्यादा चयन दिलाये जायेगे। अब वर्दी दूर नहीं नाम से एक नवीन बैच प्रारंभ किया जा रहा है। श्री तिवारी ने बताया कि इस बार सब इंस्पेक्टर परीक्षा के पाठ्यक्रम में व्यापक बदलाव किये गये है। अब परीक्षा में एक नवीन चरण मुख्य परीक्षा जोड़ा गया है। इस मुख्य परीक्षा के चरण में यूपीएससी और एमपीपीएससी के पाठ्यक्रम में नया सिलेबस बनाया गया है। परिणाम स्वरूप अब सब इंस्पेक्टर परीक्षा एक वन डे एक्जाम की तरह विद्यार्थी न समझे। अब आपके विवेचनात्मक, विश्लेषणात्मक क्षमता विकासित करनी पड़ेगी। आपको ऐसे शिक्षक की मदद लेनी होगी जो अनुभवी हो, अभिप्रेरणा कर सके। द्वितीय तथ्य यह है कि इस परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन भी कर दिया गया है। एकेडमी में इस बार एसएससी, व्यापम, संविदा शिक्षक वर्ग-2 के पृथक-पृथक बैच प्रारंभ किये जा रहे है। वर्ष 2026 की प्री प्लस मेन्स की राज्य प्रशासनिक परीक्षा में एक वर्षीय कोर्स प्रारंभ हो चुका है। मंत्र एकेडमी में 12 वीं पास बच्चों के लिये अपना त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम इस बार से पुन: प्रारंभ किया है। गणित के पृथक अध्ययन हेतु एक विशेष कक्षा को भी प्रारंभ किया जा रहा है।

*आजीवन सहयोग निधि अभियान की संभागीय समीक्षा बैठक 18 को*

# जिले में आजीवन सहयोग निधि संग्रह 12 मार्च तक पूर्ण करें: श्याम तिवारी



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा द्वारा चलाये जा रहे आजीवन सहयोग निधि अभियान की जिलास्तरीय बैठक गुरुवार को भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी एवं निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार की उपस्थिति में आयोजित की गई बैठक में विधानसभा वार आजीवन सहयोग निधि अभियान की प्रगति संबंधी जानकारी जिला सह प्रभारी जगन्नाथ गुरैया, चैन सिंह ठाकुर ने प्रस्तुत की बैठक में आगामी 18 मार्च को सागर में आयोजित वाली अभियान संबंधी संभागीय बैठक की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष ने कहा की जिले की सभी विधानसभाओं के मंडलों में आजीवन सहयोग निधि अभियान को लेकर मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने मिलकर सराहनीय कार्य किया है जिसके चलते हमने अभी तक लगभग 90 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है।

कुछ विधानसभाओं में लक्ष्य से अधिक आजीवन सहयोग निधि का संग्रह हो चुका है शेष विधानसभाओं में भी हम विशेष अभियान चलाकर आगामी 12 मार्च तक लक्ष्य की प्राप्ति के साथ अभियान को विराम देना है जिसके लिये सभी मंडल अध्यक्ष कार्ययोजना तैयार कर कार्य में जुटें। बैठक में देवेन्द्र कटारे, निकेश गुप्ता, मनीष चौबे, विक्रम सोनी, रीतेश मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी।

## विकसित भारत युवा संसद के लिये आवेदन 9 मार्च तक

**सागर, देशबन्धु।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें देश के 18 से 25 वर्ष आयु के युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से 9 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। सागर जिले के जिला नोडल अधिकारी डॉ. मो. अशफाक सिद्दीकी ने बताया यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाना है। जिला स्तर पर प्रतिभागिता हेतु प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के बाद 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा जिसका विषय है आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है। इस विषय पर आने वाले वीडियो में से 150 सर्वश्रेष्ठ वीडियो का चयन किया जायेगा एवं प्रतिभागियों को नोडल महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार रखने हेतु आमंत्रित किया जायेगा। सागर जिले में नोडल महाविद्यालय इनफिनिटी मेनेजमेंट एण्ड इंजीनियरिंग कॉलेज को चुना गया है जहां पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होने वाली है। 10 विजेताओं का चयन राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिये निर्णायक मंडल द्वारा किया जायेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में से तीन विजेताओं का चयन राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम के लिये किया जायेगा जो कि राष्ट्रीय संसद नई दिल्ली में अपने विचार प्रस्तुत कर सकेंगे।

# विविध रंगों का छात्रसंघ आयोजन छात्राओं को प्ररेणा देता है: संगीता तिवारी



**सागर, देशबन्धु।** शास. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रसंघ के द्वारा वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महापौर संगीता तिवारी ने कहा वार्षिक उत्सव में छात्राओं को अपनी योग्यता दिखाने का अवसर प्राप्त होता है, वर्ष भर शैक्षणिक गतिविधियों में संलग्न रहने से यह आयोजन उनके दिमाग को तरोताजा कर देते है, विविध रंगों से सजा हुआ आयोजन छात्राओं को प्रेरणा देता है। विशिष्ट अतिथि लोकेश सिन्हा अति. पुलिस अधीक्षक ने कहा जिस क्षेत्र में विद्यार्थी जीवन में रूचि होती है, यदि उसी क्षेत्र में कैरियर बनाने को मिले तो रूचिपूर्ण कार्य करने से जीवन सरल सहज हो जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा हमारी संस्था छात्राओं के बहुमुखी विकास को संकल्पित है। विशिष्ट अतिथि मनीषा विनय मिश्रा ने कहा यह महाविद्यालय अपनी उत्कृष्टता के लिये पूरे संभाग में पहचाना जाता है। यह सांस्कृतिक मंच छात्रा जीवन का स्वर्णिम अवसर है जो उन्हें भविष्य के लिये तैयार करता है। छात्रसंघ प्रभारी डॉ. निशा इंद्रगुरू ने कहा छात्र संघ ने कई उच्च श्रेणी के नेता भारत को प्रदान किये है। यह प्रतिभा प्रदर्शन मंच छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला होता है। अंशिता एवं शैली ने गीत प्रस्तुत किया। रोहित रजक के मार्गदर्शन में अभिज्ञान शांकुन्तलम् के अल्प नाट्य रूप में अंजली रजक, पारूल आठिया, मोहनी पटैल, प्रियांशी, दीप्ति ने अपने सशक्त अभिनय से सबका दिल जीत लिया। इच्छा मिश्रा आयुषी सोनी ने हास्य नाटिका एवं मूक अभिनय में शानदार प्रस्तुति दी। भावना मिश्रा एवं समूह द्वारा घूमर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शुभांजली रैकवार एवं सुप्रिया यादव ने किया। आभार डॉ. रश्मि दुबे द्वारा ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एमएम चैकसे, डॉ. संजय खरे, डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. निशा इंद्रगुरू, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. बिन्दु श्रीवास्वत, डॉ. अंशु सोनी, डॉ. सुनीता त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में छात्रायें एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# एनएसएस केंप में विधायक ने छात्रों को राष्ट्र निर्माण में योगदान का किया आह्वान



**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मकरोनिया द्वारा सात दिवसीय पूर्णकालिक आवासीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन ग्राम गुड़ा में विधायक प्रदीप लारिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक लारिया ने कहा कि एनएसएस राष्ट्र निर्माण और नव चेतना की संवाहिका है। राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की युवा शक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी समाज के लोगों के साथ साक्षरता, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई संबंधी कार्य मिलकर समाज के हित के लिये कार्य करते है। आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता करते है। विद्यार्थी जीवन से ही समाजपयोगी कार्यों में रत रहने से उनमें समाज सेवा या राष्ट्र सेवा के गुणों का विकास होता है। एक आदर्श नागरिक बनने के लिये इन गुणों का विकास होना अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना के जरिये छात्रों को सामुदायिक सेवा के अवसर मिलते हैं। इसके माध्यम से वे अपने व्यक्तित्व का विकास करते है और समाज के लिये उपयोगी नागरिक बनते हैं। उन्होंने छात्रों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी ने अपने सप्त दिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुति और बच्चों के योगदान की सराहना की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने एकांकी, नृत्य, भाषण, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सम्मान एवं महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सांसद लता वानखेड़े, नपाध्यक्ष मिहीलाल, गुलझारीलाल जैन, धर्मेंद्र सिंह राठौर, अंकित तिवारी, प्राचार्य डॉ. एसी जैन, आशालता सिलाकारी, शिक्षक, गणमान्य नागरिक सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

# कलागुरु विष्णु पाठक स्मृति सम्मान एवं लोक रंग समारोह का आयोजन हुआ



**सागर, देशबन्धु।** गुरुवार को शाम सात बजे से रवीन्द्र भवन सागर में लोककला निकेतन सोशल वेलफेयर सोसायटी सागर द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के सहयोग से कलागुरु विष्णु पाठक की स्मृति में सम्मान एवं अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोककलाओं की अनेक प्रस्तुतियां दी गईं। अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ललित मोहन पूर्व विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रदर्शनकारी कला, संगीत एवं पत्रकारिता विभाग डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विवि, विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के डॉ. शैलेष आचार्य एवं वरिष्ठ पत्रकार सूर्यकांत पाठक उपस्थित रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ संस्कृतिविद् व श्यामलम के संचालक उमाकांत मिश्र ने की। कार्यशाला के मार्गदर्शक वरिष्ठ लोककला विशेषज्ञ डॉ. ओम प्रकाश चौबे रहे। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठतम लोक कलाकार पद्मश्री राम सहाय पांडेय एवं हरगोविंद विश्व को कलागुरु विष्णु पाठक स्मृति सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने लोककला निकेतन सोशल वेलफेयर सोसाइटी के डॉ. अतुल श्रीवास्तव द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को लोक कलाओं के विकास तथा कलागुरु विष्णु पाठक के सम्मान में एक मील का पत्थर बताते हुये इसकी भूरि-भूरि सराहना की। अतिथियों ने कहा कि कलागुरु विष्णु पाठक लोककलाओं के एक ऐसे विशाल वटवृक्ष थे जिसकी छत्रछाया में अनेकानेक लोक कलाकार अस्तित्व में आये और पुष्पित व पल्लवित हुये। कार्यक्रम में अलंकरण व उद्बोधन सत्र के बाद रजनी दुबे द्वारा गणेश वंदना, कला निकेतन द्वारा बधाई, कालबेलिया, मनीष यादव द्वारा बरेदी तथा रामकिशन रजक द्वारा ढिमरयाई, काड़रा लोकनृत्यों की भव्य प्रस्तुतियां मंच से दी गईं जिनका उपस्थित दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में कार्यशाला निदेशक तथा आयोजक संस्था के प्रमुख डॉ. अतुल श्रीवास्तव एवं संयोजक रचना तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश साहू ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुधीर तिवारी, संतोष पाण्डेय, रामनरेश तिवारी, जागेश्वर यादव, अभिषेक दुबे, मनीष यादव, आशीष खटीक, रीतेश चौरसिया, रजनी दुबे, अमित पटैल, पवन चौरसिया, प्रकाश कुशवाहा, कपिल चौरसिया, राहुल चौरसिया, राम ठाकुर आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर रवीन्द्र भवन में नगर के लोककला प्रेमी दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कर्मचारी संघों की निगमायुक्त से चर्चा उपरांत 11 मार्च तक के लिये आंदोलन स्थगित

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम कर्मचारियों के वेतन एवं लंबित मांगों के संबंध में निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने सभी कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों से चर्चा की। इस संबंध में नगर निगम, नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने बताया कि आयुक्त से चर्चा हुई और उन्होंने बताया मेरी माता जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं है इसलिये दो दिवस के अवकाश पर हूं इसलिये को 11 मार्च को सभी मांगों पर चर्चा की जायेगी। कर्मचारी संघों ने आयुक्त के आश्वासन का सम्मान करते हुये मानवीय आधार पर आंदोलन को 11 मार्च तक के लिये स्थगित कर दिया गया है। चर्चा के दौरान भोला करोसिया, बाबूलाल मछंदर, सुदेश सनकत, सुरेन्द्र महावत, रमेश बोयत, शकुंतला गोस्वामी, माधव चढ़ार, वर्षा समद, राजेंद्र सनकत, औंकार शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत कल

**सागर, देशबन्धु।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में 8 मार्च शनिवार को जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रकरणों का निराकरण कराने का प्रयास किया जायेगा। आम जनता व पक्षकारगण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रकार के विवादों का आपसी सहमति से नेशनल लोक अदालत में निराकरण कराना चाहते हैं, तो संबंधित न्यायालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तहसील विधिक सेवा समिति से संपर्क कर, अपना मामला नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु अपनी सहमति व आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करायें।

# मनुष्यों की तरह पौधों को भी भोजन की आवश्यकता होती है: मलैया



**सागर, देशबन्धु।** विचार समिति ने एक दिवसीय घर की बगिया परियोजना के प्रशिक्षण का आयोजन किया। घर की बगिया परियोजना प्रशिक्षण की जानकारी देते हुये विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि घरों में जैविक तरीके से सब्जी उगाने, उनका रखरखाव करने के उद्देश्य से विचार समिति मोहल्ला परिवारों के सदस्यों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है आज हम सभी केमिकल युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन कर रहे है जिसके कारण कैंसर जैसी विकराल बीमारियां बढ़ रही है इन सभी समस्याओं का समाधान केवल जैविक तरीके से उगाई गई सब्जियां आदि है। घर की बगिया के माध्यम से घर ही में कैसे सब्जियां उगायें, समय-समय पर उनका ध्यान कैसे रखे इन सभी बातों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है विचार समिति पूर्ण जैविक तरीके से सोना मोती गेहूं तैयार कर रही है। राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित प्रशिक्षक राजेश मलैया ने प्रतिभागियों को स्वयं के द्वारा तैयार की गई बागवानी का भ्रमण करवाकर बागवानी के सूक्ष्म पहलुओं की जानकारी देते हुये बताया कि सबसे पहले हमें मौसमी सब्जियों को उगाना चाहियें। पौधों को रोग मुक्त रखने के लिये जैविक एवं प्राकृतिक तरीकों को अपनाना चाहिये। जिस तरह मनुष्यों को भोजन की जरुरत होती है उसी तरह पौधों को भी भोजन की आवश्यकता होती है उनका ध्यान रखे। प्रतिभागियों के पौधों से सम्बंधित समस्याओं के समाधान बतायें अन्य महत्तवपूर्ण जानकारी के साथ यह सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी प्रतिभागियों को पौधे वितरित किये गये। इस अवसर पर सुनीता जैन, आशा मेहरा, गौरीशंकर साहू, मंजू रैकवार, नीलम रैकवार, यशोदा मेहरा, राजकुमारी रैकवार आदि उपस्थित रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।